RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 71 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 02 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# बद्रीनाथ-माणा में बचाए गए 50 मजदूर, चार की मौत

## वायुसेना का एमआई-17 और चीता हेलीकॉप्टर रेस्क्यू के लिए तैनात

**उत्तराखंड (एजेंसी)।** बद्रीनाथ-माणा में रेस्क्यू अभियान फिर शुरू किया गया है। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने जानकारी दी, कि उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में रविवार को तलाशी अभियान के लिए एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर ड्रोन आधारित इंटेलिजेंट बरीड ऑब्जेक्ट डिटेक्शन सिस्टम को एयरलिफ्ट करने के लिए तैयार है। 28 फरवरी को जोशीमठ के माना गांव के पास बीआरओ कैंप में हुए हिमस्खलन में शनिवार से ही वायुसेना के चीता हेलीकॉप्टर चमोली के माना इलाके में बचाव अभियान में लगे हुए हैं।

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा, मौसम ने हमारा साथ दिया है। कुल 54 (बीआरओ कर्मचारी) लापता हैं, 50 को बचा लिया गया है और चार लोगों की जान चली गई है। चार लोग अभी भी लापता हैं और तलाशी और बचाव अभियान चल रहा है और हमें उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही ढूंढ लेंगे। घायल बीआरओ कर्मियों को आगे के उपचार के लिए जोशीमठ आर्मी अस्पताल में एयरलिफ्ट किया जा रहा है।

हिमस्खलन के बाद बर्फ में फंसे शेष कर्मियों की तलाश के लिए एसडीआरएफ की एक टीम आज पीड़ित लोकेटिंग कैमरा



और थर्मल इमेज कैमरा लेकर रवाना हुई। पुलिस महानिरीक्षक एसडीआरएफ रिधिम अग्रवाल के निर्देशानुसार माणा में हिमस्खलन के दौरान लापता कर्मियों की तलाश के लिए एसडीआरएफ की एक विशेषज्ञ टीम को पीड़ित लोकेटिंग कैमरा (वीएलसी) और थर्मल इमेज कैमरा के साथ सहस्त्रधारा से हेलीकॉप्टर के जरिए घटना स्थल पर भेजा गया है। इन उपकरणों (पीड़ित लोकेटिंग कैमरा (वीएलसी) और थर्मल इमेज कैमरा) की मदद से तलाश की जाएगी।

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को बताया कि बचाए गए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 24 कर्मियों का जोशीमठ में उपचार चल रहा है, जबकि रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के कारण एक व्यक्ति को एयर एंबुलेंस के जरिए एम्स ऋषिकेश भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने कल सुबह हिमस्खलन प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया था। मुख्यमंत्री ने आर्मी अस्पताल में उपचार करा रहे श्रमिकों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि खोज एवं बचाव अभियान में आवश्यक संसाधनों की कमी न हो और कहा कि केंद्र सरकार भी सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध करा रही है।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि, वहां 57 बीआरओ मजदूर कंटेनर में रह रहे थे, जिनमें से 2 मजदूर छुट्टी पर थे। 55 मजदूरों में से आईटीबीपी और सेना ने तेजी से खोजबीन कर अब तक 50 लोगों को बचा लिया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने 4 हेलीकॉप्टर भेजे हैं। इनकी मदद से अब तक 25 मजदूरों को ज्योतिर्मठ पहुंचाया जा चुका है। माना बेस कैंप के पास सेना के हेलीपैड को आपातकालीन कार्यों के लिए तैयार किया गया है। भारी बर्फबारी के कारण चुनौतियां बनी हुई हैं, बद्रीनाथ में 6-7 फीट बर्फ जमा हो गई है और कई स्थानों पर सड़कें बंद हैं। बद्रीनाथ के पास बर्फबारी के कारण अवरुद्ध 5-6 किलोमीटर के हिस्से को साफ करने के प्रयास जारी हैं।

1 मार्च को सुबह 10 बजे उत्तराखंड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल प्रेम राज और ब्रिगेडियर हरीश सेठी ने चल रहे सैन्य नेतृत्व वाले बचाव कार्यों का आकलन करने के लिए राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) का दौरा किया और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

# बुलेट और बाइक की भिड़ंत, 5 लोगों की मौत

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा-जगनेर मार्ग पर गहर्राकलां रोड पर शनिवार देररात भीषण हादसा हुआ। बुलेट और बाइक की आमने-सामने की जबर्दस्त टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। सैंया में रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले चार लोग गढ़मुक्खा में शादी समारोह से लौट रहे थे। बुलेट सवार दो युवकों में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर है। पुलिस ने शव एसएन मेडिकल कॉलेज में भिजवाए। देर रात मृतकों के परिजन एसएन इमरजेंसी पहुंच गए। मृतकों में चार मजदूर थे।



एसएन मेडिकल कॉलेज में चारों मृतकों के परिवारीजनों को विलाप करते देखकर लोगों की आंखें नम हो गईं। भगवान दास की पत्नी ने चूड़ियां तोड़ डालीं। वह रोते हुए कह रही थी कि कल ही चूड़ियां लाकर दी थीं। वकील की पत्नी ललिता का रुदन भी कलेजा चीर रहा था।

ग्रामीणों ने बताया कि चारों आपस में चाचा-ताऊ के लड़के हैं। बेहद गरीब परिवार के थे। पुलिस ने बताया कि सैंया के रहने वाले भगवान दास (35), वकील (30), रामस्वरूप (28) और सोनू (25) शनिवार की शाम को अपनी बाइक से रिश्तेदार की साली की शादी में भाग लेने के लिए गढ़मुक्खा गए थे।

वहीं बुलेट पर गहर्राकलां, कागारौल निवासी करन और कन्हैया कागारौल जा रहे थे। जगनेर रोड पर गहर्राकलां प्याऊ के पास रात करीब साढ़े दस बजे दोनों बाइकों की आमने-सामने जबर्दस्त भिड़ंत हुई। राहगीरों ने घायलों को तड़पते देखकर घटना की जानकारी पुलिस को दी।

इस पर सैंया, कागारौल थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। एसीपी देवेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पांच लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि घायल कन्हैया को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह इंटर का छात्र है। बाइक सवार मृतक फेरी लगाने का काम करते थे। देर रात उनके परिजन एसएन इमरजेंसी पहुंच गए। इमरजेंसी पर चीख पुकार मच गई। तनाव को देखते हुए पुलिस बल पहुंच गया।

बाइक सवार मृतकों में भगवान दास की पत्नी ललिता और दो बच्चे हैं। रामस्वरूप की पत्नी स्वाती हैं। उनके तीन बच्चे हैं। सोनू की मां और वकील की पत्नी कुसुमा भी एसएन इमरजेंसी पहुंच गईं। परिजन ने बताया कि चारों फेरी लगाकर गुजारा करते थे। शव देखकर पत्नियां होश खो बैठीं। उनके साथ आए ग्रामीणों ने हादसा करने वाले बुलेट को सामने लाया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि चारों मृतकों के छोटे बच्चे हैं। किराये के मकानों में रहते हैं। उन्होंने परिवार को 10-10 लाख रुपये का मुआवजे की मांग की। देर रात तक एसएन इमरजेंसी पर हंगामा होता रहा। चीख पुकार मची हुई थी।

## महिला डॉक्टर से ठगे 51 लाख रुपये

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा की एक महिला डॉक्टर साइबर ठगों की शिकार हुई है। जालसाजों ने डॉक्टर को निवेश करने पर तीन से पांच गुने का मुनाफे का लालच देकर उनसे 51 लाख रुपये से अधिक की ठगी की घटना को अंजाम दिया।

साइबर ठगों के चंगुल में फंसकर और अधिक मुनाफे के चक्कर में महिला ने अपने पति, सास और रिश्तेदार के खाते से भी रुपये ट्रांसफर कर दिये। अपने साथ हुई ठगी की जानकारी के बाद महिला ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो कथित अकाउंट मैनेजर और एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई, पुलिस उनकी जांच कर रही है।

ग्रेटर नोएडा के गुजेंद्र विहार की रहने वाली मीनू रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके व्हाट्सऐप नंबर पर 7 जनवरी 2025 को एक मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने अपना नाम हरि सिंह बताया। कथित हरि सिंह ने मीनू को फ्रेंकलिन का कर्मचारी बताया। इसके बाद निवेश के बारे में जानकारी देनी शुरू की। उसने बताया कि उसे शेयर बाजार में निवेश के क्षेत्र में 15 साल का अनुभव है। इसके बाद उसने सी फोर इग्नाइट द स्पार्क ऑफ वेल्थ नाम के एक व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया।

शेयर मार्केट में निवेश से जुड़े हुए बातों का व्याख्यान ग्रुप पर कथित हरि सिंह रोज करते थे। 100 से ज्यादा सदस्य ग्रुप में जुड़े हुए थे। कुछ दिनों तक यह ऐसा ही चलता रहा। फिर एक दिन अचानक ग्रुप की सदस्य आरती सिंह ने हरि के लेक्चर की पीडीएफ मीनू के मोबाइल पर भेजी। शिकायतकर्ता महिला से आरती सिंह ने कहा कि हरि सिंह ने एक महिला की सहायता करने के लिए अमेजन से एक हजार रुपये के कई गिफ्ट बाउचर खरीदे हैं।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि ठगी की रकम में से 4 लाख 80 हजार रुपये को फ्रीज करा दिया गया है। बाकी रकम भी होल्ड और फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है। आशंका है कि किराये के खाते में ठगी की सारी रकम ट्रांसफर हुई है। 38 वर्षीय पीड़ित महिला का दावा है कि मुनाफा कमाने के चक्कर में उसने पति और सास की जमा पूंजी तो गंवाई ही है, रिश्तेदारों से उधार अलग से ले लिया है। ठगी के बाद से महिला तनाव में है।

## ग्रेनो प्राधिकरण के मास्टरप्लान में 257 गांव शामिल

- बसेंगे इंडस्ट्री और आवासीय सेक्टर, न्यू नोएडा से होगा लिंक
- बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश बढ़ने की संभावना
- 12 साल से अधूरी पड़ी एक्सप्रेसवे को पूरा करने की योजना



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के फेज-2 के विकास में 105 मीटर चौड़ी रोड की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। मास्टरप्लान-2041 के अनुसार, यह 24 किमी लंबी सड़क हापुड़ और एनएच-24 से होते हुए गढ़, ब्रजघाट, गजरौला और मुरादाबाद तक आवागमन को सुगम बनाएगी। सबसे अहम बात यह है कि इस सड़क के दोनों ओर औद्योगिक (इंडस्ट्री) और आवासीय (रेजिडेंशियल) सेक्टर विकसित किए जाएंगे, जिससे लाखों लोगों को रोजगार और आवास मिल सकेगा। प्लानिंग के अनुसार, फेज-2 के कई सेक्टर न्यू नोएडा से सटे होंगे, जिससे दोनों क्षेत्रों की आपसी कनेक्टिविटी और विकास को गति मिलेगी।

ग्रेटर नोएडा फेज-2 को बसाने के लिए 257 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें 14192 हेक्टेयर जमीन औद्योगिक क्षेत्र के लिए आरक्षित की गई है, जो कुल क्षेत्रफल का 25.4 प्रतिशत है। वहीं, 9736.74 हेक्टेयर जमीन को आवासीय विकास (रेजिडेंशियल सेक्टर) के लिए सुरक्षित किया गया है, जो कुल क्षेत्रफल का 17.40 प्रतिशत है।

मास्टरप्लान-2041 के तहत 105 मीटर चौड़ी रोड के दोनों ओर औद्योगिक और आवासीय सेक्टर विकसित किए जाएंगे। यह क्षेत्र न्यू नोएडा से सटा हुआ होगा, जिससे हापुड़ तक विस्तार की योजना बनाई गई है। सड़क के दोनों ओर बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए सर्विस रोड तैयार किए जाएंगे।

यह सड़क एनएच-9 से जुड़ने के बाद ग्रेटर नोएडा और न्यू नोएडा के निवासियों के लिए दिल्ली, गाजियाबाद और गढ़ तक आवागमन आसान कर देगी। साथ ही, अच्छी कनेक्टिविटी के कारण इस क्षेत्र में निवेश बढ़ने की संभावना भी प्रबल हो जाएगी।

ग्रेटर नोएडा फेज-2 मास्टरप्लान-2041 के तहत 12 साल से अधूरी पड़ी 26 किमी लंबी और 105 मीटर चौड़ी एक्सप्रेसवे को पूरा किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण पर 12 साल पहले 1,200 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन अब एक बार फिर इस पर काम शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। यह एक्सप्रेसवे ग्रेटर नोएडा के परी चौक से अल्फा, डेल्टा सेक्टर और गोल्फ कोर्स के सामने से होते हुए बोड़की तक बना है। अब इसे हापुड़ से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही सभी आपत्तियों का समाधान कर इस रोड पर कार्य शुरू किया जाएगा।

## पुलिस और कार चोर गिरोह के बीच मुठभेड़, तीन गिरफ्तार





**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र की पुलिस टीम सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास कार चोर गिरोह के बीच मुठभेड़ हुई। यह गैंग महज 60 सेकेंड में चार पहिया वाहनों की चोरी कर फरार हो जाता था। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसके दो साथियों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी की कार, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद किया है।

घटना शनिवार देर रात थाना सेक्टर-49 क्षेत्र की है, जहां पुलिस टीम सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक एसेन्ट कार संदिग्ध रूप से वहां से गुजर रही थी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन कार सवार बदमाश गाड़ी को तेज रफ्तार में भगाने लगे। पुलिस को शक हुआ और उन्होंने बदमाशों का पीछा किया।

डीसीपी ने बताया कि पीछा करने के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। घायल बदमाश की पहचान सोनू (27 वर्ष) निवासी दरीरपुर, थाना कपूरपुर, जिला हापुड़ के रूप में हुई है। घायल बदमाश के दो अन्य साथी भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने पवन कुमार (31 वर्ष) निवासी दहरपुर, थाना कपूरपुर, जिला हापुड़, रघुवंश (27 वर्ष) निवासी अछरोंडा, थाना परतापुर, जिला मेरठ को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, यह गैंग सिर्फ 60 सेकेंड में चार पहिया वाहनों की चोरी कर फरार हो जाता था। शहर में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं के कारण पुलिस को इनकी तलाश थी। गिरफ्तार बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आगे की पूछताछ जारी है। पुलिस गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों की भी तलाश कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट से सीधे एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे यात्री, नए प्रोजेक्ट पर शुरू हुआ काम

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए ढांचागत विकास हो रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में किसान चौक से लेकर सिरसा में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे तक एक लेन बस वे का निर्माण हो रहा है। नालेज पार्क चार स्थित ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय से सिरसा तक बस वे का निर्माण शुरू हो गया है। एयरपोर्ट तक संचालित होने वाली बस, बस वे से होकर गुजरेंगी। इससे 130 मीटर चौड़ी सड़क पूरी तरह से जाम मुक्त रहेगी। उस पर यातायात का दबाव अधिक नहीं बढ़ेगा।

जेवर में अप्रैल से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संचालन शुरू हो जाएगा। सड़क कनेक्टिविटी के लिए काम तेजी से चल रहा है। बसों के जरिये एयरपोर्ट तक यात्रियों की आवाजाही होगी। एयरपोर्ट के कारण सड़कों पर वाहनों के दबाव बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए ग्रेटर नोएडा में बस वे की परियोजना तैयार की गई है।

बस वे के जरिये ग्रेटर नोएडा वेस्ट से एक मूर्ति, तिलपता होकर यात्री ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय होते हुए सिरसा तक



पहुंचेंगे। जहां यह बस वे ईस्टर्न पेरिफेरल में जुड़ जाएगा। ईस्टर्न पेरिफेरल को यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए इंटरचेंज बनाया जा रहा है।

इससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट से यात्री सीधे एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे। एयरपोर्ट जाने वाली बसें 130 मीटर चौड़ी सड़क से न जाकर बस वे से जाएंगी। परियोजना को एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी लंबाई करीब 25 किमी होगी। गौतमबुद्ध नगर में बसों के लिए यह पहला समर्पित मार्ग होगा।

परियोजना विभाग के प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि बस वे पर स्टैंड भी बनाए जाएंगे। जहां से यात्री बस में सवार व उतार सकेंगे। इसके आस पास सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बस स्टैंड्स पर डिस्प्ले भी होगा। बसों की लोकेशन आन लाइन पता चल सकेगी।

प्रदेश सरकार से सड़क का बजट स्वीकृत होते ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल की कनेक्टिविटी के लिए सड़क का काम शुरू कर दिया है।

प्राधिकरण की टीम शुक्रवार को मशीनों के साथ करौली बांगर गांव पहुंची और सड़क मार्ग में आ रही किसानों की फसल को हटाकर जमीन समतल करने का काम शुरू कर दिया। करीब चार घंटे तक यह कार्रवाई हुई।

यमुना एक्सप्रेस वे से नोएडा एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल की कनेक्टिविटी के लिए तीस मीटर चौड़ी व आठ किमी लंबी सड़क बनाई जा रही है। यह सड़क एयरपोर्ट की चारदीवारी के साथ उत्तर व पूर्व दिशा में बनेगी।

एनएचएआई ने इसके लिए 235.70 करोड़ का एस्टीमेट यमुना प्राधिकरण को दिया था, यमुना प्राधिकरण की ओर से शासन के वित्त विभाग को भेजे गए एस्टीमेट के सापेक्ष 196.79 करोड़ खर्च की स्वीकृति मिली।

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## नाकाम देश

भारत-पाकिस्तान के बीच क्या तुलना की जा सकती है? भारत अतुलनीय, ताकतवर, विकसित होता राष्ट्र है, जबकि पाकिस्तान को दुनिया के कई देश 'नाकाम देश' करार दे चुके हैं। फिर भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने छाती ठोंकते, कुछ उछलते, दावा किया है, मुल्क को भरोसा देने की कोशिश की है कि अगर रब ने चाहा, तो एक दिन पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे होगा! हम खूब मेहनत करेंगे, तो इंशाल्लाह हिंदुस्तान से आगे जरूर जाएंगे। पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम की यह गालबजाई हास्यास्पद है। भारत और पाकिस्तान एक साथ स्वतंत्र और संप्रभु देश बने थे, लेकिन आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और पाकिस्तान 45वें स्थान पर है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिलहाल 336 लाख करोड़ रुपए का है, जबकि पाकिस्तान की कुल अर्थव्यवस्था मात्र 32 लाख करोड़ रुपए की है। भारत की अर्थव्यवस्था 10 गुना अधिक है। पाकिस्तान भीख और दान पर जिंदा है। हाल ही में उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 60,000 करोड़ रुपए का उधार मांगा है। कर्ज भारत सरकार पर भी है, लेकिन हमारा प्रधानमंत्री देश-विदेश कर्ज की गुहार लगाता नहीं घूमता। पाकिस्तान कभी चीन, कभी सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात, तो कभी कतर आदि देशों से भीख मांगता रहा है। बदले में उसे मुल्क की जमीन-जायदाद पैसा देने वाले देशों को सौंपनी पड़ती है। वहां वे देश अपनी परियोजनाओं को विस्तार देते हैं। भारत और पाकिस्तान की तुलना किस आधार पर की जा सकती है? भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से भी ज्यादा रही है। बजट में 2025-26 की विकास दर भी 6 फीसदी से अधिक आंकी गई है, जबकि पाकिस्तान की विकास दर मात्र 2.38 फीसदी है। इसमें भी कितनी हकीकत है और कितना फसाना है? भारत सरकार अब भी 81 करोड़ से अधिक नागरिकों में प्रति माह मुफ्त अनाज बांट रही है, जबकि पाकिस्तान में आटे की एक बोरी के लिए भी मारा-मारी मची है। मुद्रास्फीति की दर असहनीय है। लोग अनाज और अन्य रोजमर्रा की चीजों के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगे रहते हैं, फिर भी असंख्य हाथ खाली रहते हैं। आजीविका मुश्किल है, तो आबोदाना भी नसीब से ही मिल रहा है। यह पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे बढ़ेगा? पाकिस्तान ने आईएमएफ से जितना उधार मांगा है, उतनी तो भारत सरकार खाद पर सबसिडी दे देती है। लोकसभा में पेश किए गए बजट में संघशासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर के लिए ही 41,000.07 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कितना भी उछलते रहें या छाती ठोंक लें, लेकिन हजारों साल तक पाकिस्तान भारत को पीछे नहीं कर सकता। उन्होंने यह दावा तब किया है, जब अमरीकी संसद में एक प्रस्ताव रखा गया है कि पाकिस्तान में जम्हूरियत (लोकतंत्र) ही नहीं है। वहां के सेना प्रमुख और आतंकियों में नापाक गठजोड़ है। हुकूमत असहाय है। अमरीकी संसद ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर 'पाबंदी' लगाने तक की बात कही है। भारत के राजनयिक क्षितिज त्यागी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के मंच पर पाकिस्तान को न केवल 'नाकाम देश' करार दिया, बल्कि यह भी कहा कि ऐसे देश पर चर्चा करने में परिषद कीमती वक्त बर्बाद कर रही है। पाकिस्तानी पीएम किसे संबोधित कर रहे थे, यह पाक को ही मालूम नहीं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि नारद मुनि की ( यह तपोमयी ) स्थिति देखकर देवराज इंद्र डर गया। उसने कामदेव को बुलाकर उसका आदर-सत्कार किया ( और कहा कि ) मेरे ( हित के ) लिए तुम अपने सहायकों सहित ( नारद की समाधि भंग करने को ) जाओ। ( यह सुनकर ) मीनध्वज कामदेव मन में प्रसन्न होकर चला॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सुनासीर मन महुँ असि त्रासा। चहत देवरिषि मम पुर बासा॥**
**जे कामी लोलुप जग माहीं। कुटिल काक इव सबहि डेराहीं॥**

इन्द्र के मन में यह डर हुआ कि देवर्षि नारद मेरी पुरी (अमरावती) का निवास (राज्य) चाहते हैं। जगत में जो कामी और लोभी होते हैं, वे कुटिल कौए की तरह सबसे डरते हैं॥

**दो0-सूख हाड़ लै भाग सठ स्वान निरखि मृगराज।**
**छीनि लेइ जनि जान जड़ तिमि सुरपतिहि न लाज॥**

जैसे मूर्ख कुत्ता सिंह को देखकर सूखी हड्डी लेकर भागे और वह मूर्ख यह समझे कि कहीं उस हड्डी को सिंह छीन न ले, वैसे ही इन्द्र को (नारदजी मेरा राज्य छीन लेंगे, ऐसा सोचते) लाज नहीं आई॥

**तेहि आश्रमहिं मदन जब गयऊ। निज मायाँ बसंत निरमयऊ॥**
**कुसुमित बिबिध बिटप बहुरंगा। कूजहिं कोकिल गुंजहिं भृंगा॥**

जब कामदेव उस आश्रम में गया, तब उसने अपनी माया से वहाँ वसन्त ऋतु को उत्पन्न किया। तरह-तरह के वृक्षों पर रंग-बिरंगे फूल खिल गए, उन पर कोयलें कूकने लगीं और भौंरे गुंजार करने लगे॥

(क्रमशः...)

# तो क्या निशांत कुमार की सियासी लॉन्चिंग से वंशवादी लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी?

वंशवादी लोकतंत्र का क्रांतिकारी भूमि बिहार में अपनी गहरी जडें जमाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है! यह लोकतंत्र की जननी वैशाली की मूल भावनाओं को मुंह चि?ाने जैसा है। ऐसा इसलिए कि सूबाई राजनीति को विगत 4 दशकों तक प्रभावित करते रहने वाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री बिहार, जदयू के मुखिया नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार और लोजपा आलाकमान रहे स्व. रामविलास पासवान, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ने अपने-अपने लाडले क्रमशः तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री बिहार, चिराग पासवान, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार और निशांत कुमार, सीएम इन वेटिंग, बिहार को अपनी राजनीतिक विरासत (सियासी जमींदारी) सौंप चुके हैं!

इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भले ही देरी से फैसला किया हो, लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद की भांति वो निशांत कुमार के लिए अपने समर्थकों से मजबूत फील्डिंग भी करवा रहे हैं। इससे प्रदेश की राजनीति में कई सवाल पैदा हो रहे हैं, क्योंकि चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, एक दूसरे को शिकस्त देने के लिए इन क्षेत्रीय राजनीतिक सूबेदारों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की राह पर भाजपा का चलना देश की वैचारिक राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जबकि भाजपा को इतनी ऊंचाई देने वाली टीम का मानना है कि चूंकि लोहा ही लोहे को काटता है, इसलिए कांग्रेस मुक्त भारत के लिए वो लोग जैसे को तैसा वाली राजनीति देंगे।

भाजपा की इसी सोच का फायदा उठाते हुए उसके दो बड़े कद्दावर नेताओं यानी पार्टी में नम्बर 2 की हैसियत रखने वाले अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री, भारत सरकार और नम्बर 3 की हैसियत पर जा चुके राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार भी अपने पुत्रों क्रमशः जय शाह और पंकज सिंह-नीरज सिंह को महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचा चुके हैं। यदि देखा जाए तो कांग्रेस और भाजपा के अलावा जितने भी यूपीए या एनडीए समर्थक क्षेत्रीय दल हैं, वो भी अपने अपने पुत्रों को अपनी राजनीतिक विरासत सौंप चुके हैं या ऐसी तैयारी में हैं।

इसलिए कहा जा सकता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को, सबसे सफल लोकतंत्र को हमारे नेताओं ने वंशानुगत राजतंत्र की तरह ही वंशानुगत लोकतंत्र में तब्दील कर दिया है। यदि कुछ बची-खुची कसर है तो वो गुजश्ते दशक या आने वाले दशक में पूरी हो जाएगी। इसका कारण प्रतिभाशाली डीएनए है या पूंजीवादी षड्यंत्र, यह आपको बाद में पता चलेगा। क्योंकि यूपी के समाजवादी पार्टी प्रमुख रहे स्व. मुलायम सिंह यादव, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश अपनी सत्ता अपने जीवनकाल में ही अपने पुत्र अखिलेश यादव को सौंप चुके थे। वहीं महाराष्ट्र के शिवसेना प्रमुख रहे स्व. बाला साहेब ठाकरे अपनी राजनीतिक विरासत अपने पुत्र उद्धव भाऊ ठाकरे, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र को सौंप चुके हैं। ये तो महज बानगी भर है, जबकि इसकी फेहरिस्त बड़ी लंबी है।

इसके पीछे अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि जब नौकरशाह का बेटा नौकरशाह, न्यायाधीश का पुत्र न्यायाधीश, उद्यमी का बेटा उद्यमी बन सकता है तो किसी राजनेता का बेटा राजनेता क्यों नहीं बन सकता है! बात में तो दम है, लेकिन भारतीय संविधान भी इस विषय में मौन है! इससे साफ है कि सत्ता की एक



अलग सोच होती है जो राजतंत्र, लोकतंत्र और तानाशाही में भी लगभग एक समान होती है। यह सोच है वंशवादी सोच, जहां राजा या नेता खुद को महफूज समझता है।

यदि आप आजादी के आंदोलनों, संपूर्ण क्रांति और अन्ना हजारे के आंदोलनों पर गौर करेंगे तो यह साफ पता चलेगा कि इन सबका कुछ अघोषित एजेंडा रहा है, जिसमें व्यक्तिवाद, सम्पर्कवाद और वंशवाद सर्वोपरि है। कहीं यह साफ दिखता है तो कहीं पर यह घुमाफिरा कर, लेकिन मूल मर्म यही कि सत्ता बड़ी बेवफा होती है, इसलिए चाहे जैसे भी हो इसे अपने परिवार के खूंटे से बांधे रहो। नेहरू-गांधी परिवार, संघ परिवार और क्षेत्रीय जातीय राजनीतिक परिवारों की सफलता-विफलता का कारण भी यही है।

हैरत की बात तो यह है कि जो समाजवादी-राष्ट्रवादी 1970-80-90 के दशक तक नेहरू-गांधी परिवार के वंशवाद का विरोध कर रहे थे, और 'तख्त बदल दो ताज बदल दो, वंशवाद का राज बदल दो' जैसे नारे लगा रहे थे, उन्होंने कैसा क्षेत्रीय वंशवाद चलाया, अब जगजाहिर हो चुका है। हालांकि, इनमें सबसे धैर्यशाली निकले बिहार के कद्दावर मुख्यमंत्री और जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार ने भी जब अपने बेटे निशांत कुमार को सियासत में उतारने की हरी झंडी दे दी और उनके संग गुलदस्ता वाली फोटो वायरल करवा दिया, तो लोगों के दिलोदिमाग में इस वंशवादी लोकतंत्र को लेकर कई सवाल पैदा हो रहे हैं।

पहला सवाल यह कि क्या पारिवारिक लोकतंत्र से आम भारतीयों का भला हो पाएगा? दूसरा सवाल यह कि, जो लोग हर बात में ब्राह्मणों या सवर्णों को कोस रहे थे, उन्होंने सत्ताधीश बनने के बाद कैसा आचरण प्रस्तुत किया? तीसरा सवाल यह कि, वंशवादी नेताओं ने अकूत सम्पत्ति जमा करते हुए हमारे देश की राष्ट्रीय सम्पदाओं को निजी हाथों में सौंपते जा रहे हैं और कोई राजनीतिक चहलकदमी नहीं दिखाई-सुनाई पड़ रही है, क्या इससे आम आदमी का भला होगा? चौथा सवाल यह है कि आरक्षण और सामाजिक न्याय, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद, क्षेत्रीयता बनाम राष्ट्रीयता का हश्र आने वाले दिनों में क्या होगा।

यह सवाल इसलिए कि जब तपे-तपाए नेताओं की जगह उनके अनुभवहीन पुत्र ले लेते हैं तो सिस्टम वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाता है, जैसा कि उससे उम्मीद किसी भी सभ्य समाज को होती है। इससे पार्टी और नेता, दोनों कमजोर होते हैं। सत्ता से हट जाते हैं। लेकिन जब उनका लक्षित दुरुपयोग एक दूसरे को शह-मात देने के लिए किया जाता है तो स्थिति काफी विकट हो जाती है। भारत और भारतीय जनमानस इसी संक्रमण कालीन स्थिति से गुजर रहे हैं।

चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हों, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हों, या इन जैसे अन्य नेतागण, जिन्होंने वंशवादी किले को बारीकीपूर्वक जमींदोज किया और खुद मठाधीश बन बैठे।

ऐसे में बिहार में पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुनि चौधरी के पुत्र और मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (कुशवाहा जाति) की सियासी धार को कुंद करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार (कुर्मी जाति) की जो सियासी लॉन्चिंग हो रही है, उससे लवकुश समाज की राजनीति कितनी मजबूत होगी, यह तो वक्त बताएगा ।लेकिन जब उम्र गत कारणों से नीतीश कुमार राजनीति से अवकाश लेने के मुहाने पर खड़े हैं, तब उन्होंने अपने पुत्र की सियासी लॉन्चिंग कराकर यह संदेश दिया है कि भाजपा और कांग्रेस चाहे जो मंसूबे पाले, लेकिन बिहार की भावी राजनीति तेजस्वी यादव, निशांत कुमार, चिराग पासवान के ही इर्द-गिर्द घूमेगी।

यही वजह है कि बिहार में निशांत कुमार की शानदार लॉन्चिंग का गुप्त ठेका तेजस्वी यादव ने ले लिया है। उनका यह कहना कि प्रधानमंत्री मोदी ने नीतीश जी को %लाडला% मुख्यमंत्री कहा। हालांकि, एक बार नीतीश पर भोजन की प्लेटें छीन लेने का आरोप भी उन्होंने ही लगाया था। उन्होंने कहा कि बिहार ने अपना मन बना लिया है। इसलिए बीजेपी यहां सत्ता हासिल नहीं कर पाएगी। वहीं, नीतीश कुमार की पार्टी जदयू में मौजूद संघी तत्व उनके बेटे निशांत कुमार के राजनीति में प्रवेश को रोकने के लिए साजिश रच रहे हैं। दरअसल, विपक्ष के नेता का मानना है कि निशांत कुमार के राजनीति में आने से जदयू के विलुप्त होने से बच जाने की संभावना है, जो बीजेपी और उसके समर्थकों को पसंद नहीं है। इससे उनकी भावी सियासत का मकसद कोई भी समझ सकता है।

वहीं, तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि सबसे पहले तो यह साफ होना चाहिए कि चाहे निशांत कुमार हो या कोई और राजनीति में प्रवेश करने का निर्णय व्यक्ति का अपना होना चाहिए। मेरे माता-पिता (पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी) ने मुझे राजनीति में आने के लिए नहीं कहा था ।जबकि मैंने बिहार का दौरा करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता का मूड भांपते हुए खुद यह निर्णय लिया।

उन्होंने आगे कहा कि बेशक, अगर निशांत कुमार आगे आते हैं तो जदयू पार्टी को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। इसलिए जदयू में मौजूद संघियों की मदद से बीजेपी में कई लोग उनके प्रवेश को रोकने की साजिश में लगे हुए हैं।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नीतीश जी को 'लाडला' मुख्यमंत्री कहा। हालांकि, एक बार नीतीश पर भोजन की प्लेटें छीन लेने का आरोप भी उन्होंने ही लगाया था। मसलन, उन्होंने कई साल पहले नीतीश द्वारा एक रात्रिभोज को रद्द करने की घटना का जिक्र किया। फिर कहा कि पीएम मोदी जी को बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई जब नीतीश जी ने, जब वो एनडीए में नहीं थे, विधानसभा के भीतर कुछ टिप्पणी की। अब नीतीश जी बीजेपी के सहयोगी हैं और उनके अपमानजनक बयानों से प्रधानमंत्री का सीना 56 इंच से भी ज्यादा चौड़ा हो गया है। इसलिए बिहार ने अपना मन बना लिया है। बीजेपी यहां सत्ता हासिल नहीं कर पाएगी, लेकिन वह मोदी और योगी जैसे अपने पोस्टर बॉय भेजकर कोशिश जारी रख सकती है।

आखिर में तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यह उन सभी के लिए आखिरी मौका हो सकता है, क्योंकि चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं और बिहार के लोगों ने राजग को वोट नहीं देने का मन बना लिया है, जिसने राज्य पर करीब 20 साल तक शासन किया है। इसलिए उन्होंने हाल ही में भागलपुर दौरे पर आए बिहार के मुख्यमंत्री पर स्नेह बरसाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मखौल उड़ाया और दोनों नेताओं को पुरानी कटुता की याद दिलाई। दरअसल, बिहार में निशांत कुमार की शानदार लॉन्चिंग का गुप्त ठेका तेजस्वी यादव ने सिर्फ इसलिए ले लिया है कि उन्हें पता है कि जबतक जदयू है, तभी तक राजद की सत्ता में वापसी की संभावना है। और यदि भाजपा, जदयू के गैप को भर देगी तो राजद भी कभी बिहार की सत्ता में नहीं आ पाएगा, पड़ोसी यूपी वाली सपा की तरह।

हालांकि, स्वभाव से सुस्त निशांत कुमार अपने पिताश्री नीतीश कुमार की उम्मीदों पर कितने खरे होंगे, यह तो बिहार विधानसभा चुनाव जनादेश 2025 से ही पता चलेगा। क्योंकि सियासी सफलता के लिए जिस राजनीतिक चतुराई की जरूरत होती है, वह तो उनमें कभी दिखी नहीं। हां, जैसे राजद नेताओं ने राबड़ी देवी को सफल बना दिया, उसी तरह से जदयू नेताओं की फौज निशांत कुमार को भी सफल बना सकती है।

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

## सब ठीक हो जाएगा (व्यंग्य)

उन्होंने शपथ लेते हुए मन ही मन अपने बेहतर, अधिक समृद्ध, सामंजस्य पूर्ण भविष्य के लिए भी संकल्प ले लिया। इस बीच बेचारा पर्यावरण सोचता रहा कि उसका क्या होगा। बेरोजगार उनकी यह घोषणा सुनकर संतुष्ट हो गए कि बेरोजगारी से लड़ने के लिए डाटाबेस शीघ्र तैयार करेंगे। उधर खडी नकली बुद्धि जोर से हंस रही थी। जब उन्होंने हाथ उठाकर कहा कि जलवायु संकट से तेजी से निबटने का विचार किया जा रहा है तो पर्यावरण के होटों पर मुस्कराहट तैरने लगी। उन्होंने ख्वाब दिखाया कि सबके फायदे के लिए आर्थिक विकास किया जाएगा। महिलाएं इतना कहने पर खुश हो गई कि उनकी भागीदारी बढ़ाई जाएगी। हालांकि इस बीच महिला सुरक्षा काफी परेशान दिखी। असली लगने वाली नकली मुस्कुराहटों का व्यापार भी हुआ। सबसे अच्छी बात यह हुई कि सभी को लगने लगा कि सब ठीक हो जाएगा।



उनकी कुछ बातों के कारण कई ख्वाब दिखने शुरू हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य में अंग्रेजी का नुकसान होने वाला है। बहुत से लोगों को पता नहीं है कि दुनिया भर में अंग्रेजी बोलने वाले सिर्फ एक चौथाई हैं लेकिन अभी तक डोमेन में अंग्रेजी का कब्जा है। उन्होंने शोरदार तरीके से कहा कि अगले हिंदी दिवस तक हम हिंदी ज्यादा बोलकर दिखा देंगे। उन्होंने कहा हम परम्परा वाले आधुनिक लोग हैं। किसी भी किस्म का मेला या उत्सव हो तो बाजार, दफ्तर और स्कूल बंद कर देते हैं। हम विदेशी नहीं हैं कि अपने नागरिकों को जरा भी परेशानी न होने दें। उनकी बातें सुनकर कई स्मार्ट शहरों का आसमान कह रहा था कि उनके बारे में भी कुछ वायदे और हो जाते तो उचित विकास के सपने तो देख लेते।

**उनकी कुछ बातों के कारण कई ख्वाब दिखने शुरू हुए। उन्होंने कहा कि भविष्य में अंग्रेजी का नुकसान होने वाला है। बहुत से लोगों को पता नहीं है कि दुनिया भर में अंग्रेजी बोलने वाले सिर्फ एक चौथाई हैं लेकिन अभी तक डोमेन में अंग्रेजी का कब्जा है।**

उनकी बातों में अपना चर्चा न सुनकर बेचारे वृक्ष परेशान रहे, हवा रोती रही। राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल छटपटाता रहा। उनकी कुटिल नीति ने किसी तरफ नहीं देखा। वह आत्ममुग्ध रही। कामयाबी होती ही ऐसी है। मंझे हुए खिलाड़ी हमेशा सुरक्षित खेलते हैं। उन जैसे सभी लोगों ने मोहनदास करमचंद को सादर और जोरदार ढंग से पटा रखा है। उन्हें उनका आशीर्वाद मिला या नहीं इसकी पुष्टि करना असंभव है लेकिन एक संदेश जरूर मिला कि कूटनीति बहुत जरूरी है। इसे प्रयोग करोगे, खाओगे और पहनोगे तो जीवन में सब ठीक रहेगा।

ऐतिहासिक सफल नुस्खे हमेशा प्रचलित रहते हैं। राजनीति की पारम्परिक और सांस्कृतिक तकनीक खूब मदद करती है। वह युद्ध के समय को शो के जमाने में बदल देती है। फिलहाल जलवा दिखाने का वक्त है। नकली रोशनी के पीछे सुबकते असली अंधेरों का समय है। यह गीत जरूर सुनते रहना चाहिए, 'कसम ए वादे प्यार वफा सब बातें हैं बातों का क्या', इस गाने पर सशक्त अभिनेता ने गजब अभिनय कर प्राण डाल दिए थे। बदलते रहना वक्त की तासीर है। वक्त उन्हें भी बदल देगा, तब सब ठीक हो जाएगा।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

**फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य नरम-गरम है। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापार भी बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। स्वास्थ्य भी बहुत अच्छा है। बाकी प्रेम,संतान थोड़ा मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रुओं पर हावी रहेंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक के रखें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बनेंगे। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान का साथ है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
भाग्यवान बने रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। प्रेम, संतान भी मध्यम है, लेकिन व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
सितारों की तरह चमकेंगे। जिस चीज की जरुरत है उसकी उपलब्धता होगी। सरकारी तंत्र से पंगेबाजी मत करिएगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

# बिना हेलमेट स्कूल में प्रवेश पर रोक




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद के सभी सरकारी व निजी स्कूलों को जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से यातायात नियमों के पालन करने का पत्र जारी किया गया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से स्कूल संचालकों से कहा है कि यदि कोई भी छात्र बिना हेलमेट पहने स्कूल आएगा तो उसे प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

इसके साथ ही कार से आने वाले छात्रों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य की गई है। स्कूलों को चेतावनी जारी की गई है यदि यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि हेलमेट न होने से सड़कों पर दुर्घटना का शिकार होने से लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

स्कूल जाने के दौरान हेलमेट लगाने के लिए प्रति जागरूक करने के लिए सेमिनार और छोटे-छोटे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सरकारी निर्देशों को सख्ती से पालन करने के लिए कहा जाएगा। इसके साथ ही स्कूल संचालकों कर साथ जल्द ही बैठक भी की जाएगी। अधिकतर सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले स्कूल के छात्र होते हैं। उन्हें हेलमेट की उपयोगिता के बारे में समझाना होगा।

हाल ही में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने और हेल्मेट न पहनने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया था कि हेलमेट नहीं पहनने वाले को पेट्रोल नहीं देना है। इस नियम को जनपद में सख्ती से लागू किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा था कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा 129 और उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली 1998 के नियम 201 के अनुसार मोटरसाइकिल चालकों और सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हेल्मेट पहनना अनिवार्य है। इस प्रावधान का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा-177 के तहत जुर्माने का प्रावधान है।

# मीडिया हाउस में आईआईटी बाबा के साथ मारपीट, लगाए गंभीर आरोप



**नोएडा।** प्रयागराज महाकुंभ से चर्चित आईआईटी बाबा, अभय सिंह, ने एक वीडियो प्रसारित कर मीडिया हाउस में साक्षात्कार के दौरान मारपीट और अभद्रता के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उन्होंने नोएडा के सेक्टर-126 थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायती पत्र के अनुसार, बाबा अभय सिंह को एक मीडिया हाउस में डिबेट के लिए आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मीट-मदिरा से जुड़ी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने बाबा के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन पर डंडे से हमला कर दिया।


सूत्रों के मुताबिक, बाबा को एक कमरे में बंद करने की भी कोशिश की गई। मामला बढ़ने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मारपीट की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे जांच जारी है।

आईआईटी बाबा सोशल मीडिया पर पहले से ही अपने बयानों को लेकर चर्चित हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को लेकर भविष्यवाणी की थी।

आईआईटी बाबा ने अपने बयान में कहा, ''इस बार इंडिया नहीं जीतेगी। विराट कोहली समेत कोई भी खिलाड़ी इस नतीजे को बदल नहीं सकता। मैंने मना कर दिया है, अब क्या भगवान बड़े हैं या तुम? इस बार उल्टा कर दिया है मैंने।'' बाबा के इस बयान से भारतीय क्रिकेट फैंस में हलचल मच गई है।

इस घटना के बाद बाबा ने सुरक्षा की मांग की है और कहा है कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और जल्द ही पूरी स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है।

# ''साहूकार म्यूजिक'' के ''गीत चालूंगी'' मटक की शूटिंग संपन्न




**नोएडा ( चेतना मंच )।** हरियाणा फ़िल्म उद्योग ने हाल के वर्षों में तेज़ी से तरक्की की है। आजकल हर शादी या पार्टी में अधिकतर गाने हरियाणवी भाषा में सुनाई देते हैं। इसी कड़ी में बी.एल. अग्रवाल ने अपनी नई म्यूज़िक कंपनी साहूकार म्यूज़िक के पहले गीत चालूंगी मटक की शूटिंग दिल्ली के बख्तावरपुर इलाके में पूरी की।

इस गाने के वीडियो में नई उभरती अदाकारा सपना सोनी और हरियाणा की मशहूर अभिनेत्री सोनिका सिंह मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगी। बॉलीवुड के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर अमित स्याल, जो लगदी लाहौर दी आ से प्रसिद्ध हुए थे, ने इस गाने की कोरियोग्राफी की है।

डायरेक्शन की ज़िम्मेदारी साहूकार म्यूजिक के मालिक बी.एल. अग्रवाल ने खुद निभाई है, जिनके पास 10 वर्षों से अधिक का निर्देशन का अनुभव है। कैमरे के पीछे मोहित मलिक और हरियाणा के नंबर 1 डायरेक्टर ऑफ़ फ़ोटोग्राफ़ी विकास सिंगरोहा का बेहतरीन निर्देशन देखने को मिलेगा।

गाने के डिजिटल पार्टनर हाई फाई डिजिटल कंपनी के मालिक भी विकास सिंगरोहा हैं। म्यूजिक डायरेक्टर गौरव पांचाल ने इस गाने का संगीत तैयार किया है, जबकि हरियाणा की शान पायल बर्मन ने इसे अपनी सुरीली आवाज़ दी है।

पूरी टीम ने इस गीत के निर्माण में कड़ी मेहनत की है। आने वाले दिनों में दर्शकों को एक बेहतरीन हरियाणवी लोकगीत के साथ एक नई म्यूजिक कंपनी मिलने जा रही है, जो हरियाणा फ़िल्म इंडस्ट्री की बढ़ती लोकप्रियता में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# लोगों के लिए संघर्ष और सेवा ही आम आदमी पार्टी की पहचान : संजीव निगम



**अयोध्या।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद व उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने रचनात्मक कार्य किए। इसी क्रम में अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई की।

प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने भी पार्क में सफाई अभियान में श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए संघर्ष करना, उनकी सेवा करना और समाज के हित में कार्य करना ही आम आदमी पार्टी की पहचान है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने और जनसेवा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। सफाई अभियान में शारजाह मास्टर, राजीव पाठक, यूं के द्विवेदी, गुड़िया राईन, विद्या वर्मा और स्वर्णिम वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से गांधी प्रतिमा की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## सेक्टर-39 में सीवरेज समस्या गंभीर, निवासी परेशान

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-39 के निवासी पिछले एक साल से अधिक समय से क्षेत्र में नालियों और सीवरेज की खराब स्थिति से जूझ रहे हैं। कई बार शिकायत दर्ज कराने और निरीक्षण करने के बावजूद नोएडा प्राधिकरण द्वारा इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में पूरे सेक्टर में सीवरेज का पानी ओवरफ्लो हो रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रजनन बढ़ रहा है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। निवासियों का कहना है कि समस्या का समाधान करने के बजाय सीवरेज के पानी को मुख्य स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम में डाला जा रहा है, जिससे इलाके में गंदगी और दुर्गंध बढ़ रही है।

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

होली पर्व के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जायेंगी :

### 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस – मऊ – लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 01123 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01124 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 16:45 | --- |
| 16:15 | 16:25 | वाराणसी जं. | 10:05 | 10:15 |
| 20:20 | --- | मऊ | --- | 05:50 |

चलने के दिन : 01123 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 07.03.25 से 16.03.25 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को) तथा 01124 मऊ से दिनांक 09.03.25 से 18.03.25 तक (प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को)।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।

### 01431/01432 पुणे – गाजीपुर सिटी – पुणे विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 01431 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01432 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:40 | पुणे | 16:20 | --- |
| 14:50 | 15:00 | वाराणसी जं. | 08:20 | 08:30 |
| 19:05 | --- | गाजीपुर सिटी | --- | 04:20 |

चलने के दिन : 01431 पुणे से दिनांक 07.03.25 से 18.03.25 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को) तथा 01432 गाजीपुर सिटी से दिनांक 09.03.25 से 20.03.25 तक (प्रत्येक रविवार एवं गुरुवार को)।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।

### 01491/01492 पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01491 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | पुणे | 23:55 | --- |
| 18:10 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 22:10 |

चलने के दिन : 01491 पुणे से दिनांक 07.03.25 एवं 14.03.25 तथा 01492 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.03.25 एवं 15.03.25
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, उधना जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., भवानी मंडी, सवाई माधोपुर एवं मथुरा जं. स्टेशन।

### 01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस – बनारस – लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01053 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01054 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 04:40 | --- |
| 16:00 | --- | बनारस | --- | 22:00 |

चलने के दिन : 01053 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 12.03.25 एवं 13.03.25 तथा 01054 बनारस से दिनांक 13.03.25 एवं 14.03.25
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन।

### 04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04081 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:40 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

चलने के दिन : 04081 नई दिल्ली से दिनांक 08.03.25, 10.03.25, 12.03.25, 15.03.25 एवं 17.03.25 तथा 04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 09.03.25, 11.03.25, 13.03.25, 16.03.25 एवं 18.03.25 को।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

### 04604/04603 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – वाराणसी जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 04604 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04603 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:15 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | --- |
| 19:00 | --- | वाराणसी जं. | --- | 05:30 |

चलने के दिन : 04604 श्री माता वष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 09.03.25, एवं 16.03.25 तथा 04603 वाराणसी जं. से दिनांक 11.03.25 एवं 18.03.25 को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन।

### 04207/04208 लखनऊ – नई दिल्ली – लखनऊ विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04207 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04208 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

चलने के दिन : 04207 लखनऊ से तथा 04208 नई दिल्ली से दिनांक 03.03.25, 10.03.25 एवं 17.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

### 04203/04204 वाराणसी जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – वाराणसी जं. सुपरफास्ट एक्स. विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 04203 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | वाराणसी जं. | 23:55 | --- |
| 14:35 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 23:45 |

चलने के दिन : 04203 वाराणसी जं. से दिनांक 08.03.25 एवं 15.03.25 तथा 04204 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 09.03.25 एवं 12.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली, उतरेटिया, आलमनगर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट, ढंढारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

### 04022/04021 नई दिल्ली – गोरखपुर – नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04022 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

चलने के दिन : 04022 नई दिल्ली से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.25 तथा 04021 गोरखपुर से दिनांक 08.03.25, 15.03.25 एवं 22.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., बाराबंकी, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

### 02270/02269 लखनऊ – छपरा – लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन मंगलवार को छोड़कर) — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 02270 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 02269 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:15 | लखनऊ | 06:30 | --- |
| 21:30 | --- | छपरा | --- | 23:00 |

चलने के दिन : 02270 लखनऊ से तथा 02269 छपरा से दिनांक 05.03.25 से 17.03.25 तक (मंगलवार को छोड़कर)
स्थान : एग्जीक्यूटिव कार एवं वाता. कुर्सीयान
ठहराव : सुलतानपुर जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

### 04504/04503 चंडीगढ़ – गोरखपुर – चंडीगढ़ एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04504 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04503 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:35 | चंडीगढ़ | 14:10 | --- |
| 17:35 | --- | गोरखपुर | --- | 22:05 |

चलने के दिन : 04504 चंडीगढ़ से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.25 तथा 04503 गोरखपुर से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

### 01701/01702 जबलपुर – अयोध्या कैंट – जबलपुर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 01701 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01702 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:40 | जबलपुर | 04:15 | --- |
| 07:05 | 07:15 | वाराणसी जं. | 17:10 | 17:20 |
| 11:00 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 01701 जबलपुर से दिनांक 12.03.25 से 26.03.25 तथा 01702 अयोध्या कैंट से दिनांक 13.03.25 से 27.03.25 तक
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर जं. एवं अयोध्या धाम स्टेशन।

### 04012/04011 दिल्ली जं. – दरभंगा – दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04012 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04011 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 16:35 | --- |
| 16:30 | --- | दरभंगा | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 04012 दिल्ली जं. से दिनांक 04.03.25, 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.25 तथा 04011 दरभंगा से दिनांक 05.03.25, 08.03.25, 12.03.25, 15.03.25 एवं 19.03.25 को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनियां, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन।

### 04024/04023 दिल्ली जं. – वाराणसी जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 14 फेरे

| गाड़ी सं. 04024 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04023 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | --- |
| 09:45 | --- | वाराणसी जं. | --- | 18:35 |

चलने के दिन : 04024 दिल्ली जं. से दिनांक 03.03.25, 06.03.25, 08.03.25, 10.03.25, 13.03.25, 15.03.25 एवं 17.03.25 तथा 04023 वाराणसी जं. से दिनांक 04.03.25, 07.03.25, 09.03.25, 11.03.25, 14.03.25, 16.03.25 एवं 18.03.25 को।
स्थान : 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन।

### 04026/04025 दिल्ली जं. – रक्सौल जं. – दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04026 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04025 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 17:45 | --- |
| 19:00 | --- | रक्सौल जं. | --- | 22:00 |

चलने के दिन : 04026 दिल्ली जं. से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.25 तथा 04025 रक्सौल जं. से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाज़ियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन।

### 04020/04019 आनंद विहार (ट) – बरौनी जं. – आनंद विहार (ट) एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04020 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04019 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | --- |
| 18:00 | --- | बरौनी जं. | --- | 20:00 |

चलने के दिन : 04020 आनंद विहार (ट) से दिनांक 02.03.25, 09.03.25 एवं 16.03.25 तथा 04019 बरौनी जं. से दिनांक 03.03.25, 10.03.25 एवं 17.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव : गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

### 05005/05006 गोरखपुर जं. – अमृतसर – गोरखपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05005 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05006 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:40 | गोरखपुर जं. | 09:15 | --- |
| 09:30 | --- | अमृतसर | --- | 12:45 |

चलने के दिन : 05005 गोरखपुर जं. से दिनांक 05.03.25 से 26.03.25 तक (प्रत्येक बुधवार को) तथा 05006 अमृतसर से दिनांक 06.03.25 से 27.03.25 तक (प्रत्येक गुरुवार को)।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन।

### 05113/05114 छपरा – आनंद विहार (ट) – छपरा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05113 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05114 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:45 | छपरा | 14:00 | --- |
| 14:25 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 16:00 |

चलने के दिन : 05113 छपरा से दिनांक 05.03.25 से 26.03.25 तक (प्रत्येक बुधवार को) तथा 05114 आनंद विहार (ट) से दिनांक 06.03.25 से 27.03.25 तक (प्रत्येक गुरुवार को)।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : छपरा कचहरी, मशरख, दिघवा दुबौली, थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन।

### 05023/05024 गोरखपुर – खातीपुरा – गोरखपुर विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 05023 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05024 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:15 | गोरखपुर | 14:45 | --- |
| 12:10 | 12:20 | दिल्ली जं. | 00:25 | 00:35 |
| 17:30 | --- | खातीपुरा | --- | 19:30 |

चलने के दिन : 05023 गोरखपुर से दिनांक 02.03.25 से 30.03.25 तक (प्रत्येक रविवार को) तथा 05024 खातीपुरा से दिनांक 03.03.25 से 31.03.25 तक (प्रत्येक सोमवार को)।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद, गाज़ियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी एवं बाँदीकुई स्टेशन।

### 05301/05302 मऊ – अम्बाला कैंट जं. – मऊ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05302 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:00 | मऊ | 21:30 | --- |
| 00:15 | --- | अम्बाला कैंट जं. | --- | 01:40 |

चलने के दिन : 05301 मऊ से दिनांक 06.03.25 से 27.03.25 तक (प्रत्येक गुरुवार को) तथा 05302 अम्बाला कैंट जं. से दिनांक 07.03.25 से 28.03.25 तक (प्रत्येक शुक्रवार को)।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाज़ियाबाद, दिल्ली जं., सोनीपत एवं पानीपत स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खास खबर

### माइक्रोसॉफ्ट ने स्काइप सेवा को बंद करने का किया ऐलान

**न्यूयॉर्क।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने स्काइप वीडियो कॉलिंग सेवा को बंद करने का फैसला लिया है। इस सेवा को उसने 2011 में 8.5 अरब डॉलर में खरीदा था। मई में स्काइप की सेवा बंद हो जाएगी और उसकी कुछ सेवाएं माइक्रोसॉफ्ट टीम्स पर स्थानांतरित की जाएंगी। माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि स्काइप उपयोगकर्ता टीम्स में अपने खाते से लॉग इन कर सकेंगे। वर्षों से स्काइप को टीम्स की तुलना में प्राथमिकता दी गई थी। स्काइप ने उपयोगकर्ताओं के लिए ऑडियो और वीडियो कॉलिंग के लिए एक सुविधाजनक प्लेटफार्म प्रदान किया था। यह आगंतुकों की जरूरतों को समझते हुए उन्हें ऑनलाइन संचार के लिए एक मजबूत और सुरक्षित विकल्प प्रदान करता था। स्काइप के बंद होने का निर्णय तकनीकी दिग्गज की अपने मुख्य संचार एप्लीकेशन को सुव्यवस्थित करने की इच्छा को दर्शाता है और उसकी साथी प्रोडक्ट्स, जैसे कि टीम्स, को उन्हें बेहतर सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी।

### भारतीय उद्योग जगत में स्टार्टअप कर रहे धमाल

**मुंबई।** हाल ही में लंबे समय तक रकम की कमी और यूनिकॉर्न की संख्या में कमी के बावजूद, भारतीय उद्योग जगत स्टार्टअप की वृद्धि के को लेकर दृढ़ भाव निहित है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मैजिकपिन के सीईओ ने कहा कि पूंजी अपना रास्ता मूल्य सृजन की दिशा में खोज लेती है। इसमें झटके और कुछ उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, लेकिन भारत में स्टार्टअप के नजरिए से हम स्वर्णिम युग में हैं। प्रौद्योगिकी के लिए जिस तरह की स्वीकृति और चाह है, साथ ही ऑपरेटरों और टीमों के भीतर समाधान तैयार करने की जो क्षमताएं हैं, वे अभूतपूर्व है। पूंजी रिटर्न की तलाश में है। यही वजह है कि भारत में मल्टीपल इस तरह का है। एक मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के अनुसार 2025 में फरवरी तक इक्विटी फंडिंग के 235 दौर में 1.33 अरब डॉलर जुटाए जा चुके हैं। पिछले साल इसी अवधि में देश में 497 दौर में 2.46 अरब डॉलर जुटाए गए थे। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्नैपडील के सीईओ ने कहा कि कंपनियों की वृद्धि का सही मापदंड यूनिकॉर्न नहीं हैं। उन्होंने कहा, यह सही संदर्भ नहीं है।

### टेस्ला सेल्स, सर्विस और सपोर्ट नेटवर्क पर दे रही है जोर

**नई दिल्ली।** बीते दिनों खबर आई कि अमेरिका के मशहूर उदयोग पति एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने भारत में हायरिंग शुरू की है। अब एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि कंपनी सेल्स, सर्विस और सपोर्ट नेटवर्क पर जोर दे रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ला भारत में जोर-शोर से लोगों को नौकरी पर रख रही है। यह कंपनी की भारत में अपनी जगह पक्की करने की रणनीति का हिस्सा है। टेस्ला ने मुंबई और पुणे में 15 लोगों की नियुक्ति की है। इससे पता चलता है कि कंपनी एक मजबूत आधार तैयार करना चाहती है। ग्लोबल डेटा की रिपोर्ट बताती है कि टेस्ला भारत के ईवी मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। भारत में भर्तियां शुरू करना इसी बात का संकेत है। टेस्ला चार्जिंग, इंजीनियरिंग, आईटी, वीइकल सर्विस, सेल्स, कस्टमर सपोर्ट और दूसरे सेक्टर में लोगों को नौकरी पर रख रही है।

### एसयूवी होंडा एलिवेट की 1 लाख यूनिट्स बिकी

**नई दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने अपनी स्टाइलिश और दमदार एसयूवी होंडा एलिवेट की 1 लाख यूनिट्स बेचने का कारनामा कर दिखाया है। यह उपलब्धि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एलिवेट की शानदार पॉपुलैरिटी दिखाती है। एलिवेट की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 11.69 लाख रुपये से शुरू होकर 16.73 लाख रुपये तक जाती है। बता दें कि होंडा एलिवेट को भारतीय बाजार में सितंबर 2023 में लॉन्च किया गया था और तब से अब तक एलिवेट ने भारतीय एसयूवी बाजार में अपनी मजबूत जगह बना ली है। मेड इन इंडिया एसयूवी के रूप में होंडा एलिवेट का उत्पादन राजस्थान के तापुकारा प्लांट में किया जाता है।

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है : वित्त मंत्री

- लोक लेखा अधिकारी सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सरल बनाएं: वित्त मंत्री
- बिचौलियों को खत्म करके और यह सुनिश्चित करके कि लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे
- 1200 में से 1100 केंद्रीय और राज्य योजनाएं अब डीबीटी के तहत हैं, जिससे बिचौलिए खत्म हो गए हैं



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सिविल अकाउंट्स सर्विसेज के अधिकारियों से सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के लिए सरल बनाने का आह्वान किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में 49वें नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की अगुवाई में भारतीय लोक लेखा सेवा (आईसीएएस) के अधिकारियों की "मौन तकनीकी क्रांति" के लिए सराहना की, जिसके तहत राज्यों को संचालन में बहुत आसानी हो रही है और सरकारी कामकाज को आसानी से पूरा किया जा रहा है। सीतारमण ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की 1,200 योजनाओं में से 1,100 अब प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के तहत हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाए। उन्होंने अपने संबोधन में डीबीटी को बेहतर बनाने में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने कहा कि 1200 में से 1100 केंद्रीय और राज्य योजनाएं अब डीबीटी के तहत हैं, जिससे बिचौलिए खत्म हो गए हैं। उन्होंने पीएफएमएस की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसने बिचौलियों को खत्म करके और यह सुनिश्चित करके कि लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे, सरकार को सीधे वितरण में महत्वपूर्ण मदद की है। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां 140 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। यहां हर राज्य की अपनी चुनी हुई सरकार होती है लेकिन सभी वित्तीय व्यवस्थाएं एक साथ जुड़ी हुई हैं और कुशलता से काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि देश में भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) की स्थापना 1976 में सार्वजनिक वित्तीय प्रशासन में महत्वपूर्ण सुधार के तहत की गई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति ने 1 मार्च, 1976 को केंद्र सरकार के खातों को लेखापरीक्षा कार्यों से अलग करने संबंधी अध्यादेश जारी किए थे। तब से लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के नेतृत्व में भारतीय सिविल लेखा सेवा वित्तीय प्रशासन में अग्रणी रहा है।

## केंद्र सरकार का 2025-26 के लिए गेहूं खरीद का 3.1 करोड़ टन लक्ष्य



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अप्रैल से शुरू होने वाले 2025-26 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं, धान और मोटे अनाज जैसी रबी फसलों के लिए खरीद लक्ष्य तय किया है। कृषि मंत्रालय के आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस वर्ष 11.5 करोड़ टन गेहूं की उत्पादन की तरक्की के बावजूद, खरीद लक्ष्य थोड़ा कम है। सरकार ने हाल ही में राज्य के खाद्य सचिवों के साथ एक बैठक आयोजित की, जिसमें गेहूं, चावल, और मोटे अनाज की खरीद को लेकर निर्णय लिया गया। इस बैठक के बाद, आने वाले विपणन सत्र के लिए गेहूं, चावल, और मोटे अनाज की खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय किया गया है, जिसका मान 2,425 रुपये प्रति क्विंटल है। सरकार इसके माध्यम से किसानों को सहायता पहुंचाने का निश्चित करना चाहती है। राज्यों से गेहूं और चावल की खरीद को बढ़ाने के लिए कदम उठाने की भी अपील की गई है। साथ ही, मोटे अनाज की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी सरकार का ध्यान है ।सरकारी गेहूं की खरीद विपणन सत्र 2024-25 में 2.66 करोड़ टन तक पहुंची, जो कि लक्ष्य के 3 से 3.2 करोड़ टन का है। इसके बावजूद, इस संख्या उस सत्र के लक्ष्य से कम है। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और जन पोषण केद्रों सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें विभिन्न राज्यों और संबंधित संगठनों के अधिकारी शामिल थे।

## बैंकिंग प्रणाली में वापस आए 2000 रुपये के 98.18 फीसदी नोट : आरबीआई



एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शनिवार को कहा कि 2000 रुपये के 98.18 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि अब सिर्फ 6,471 करोड़ रुपये मूल्य के दो हजार रुपये के ऐसे नोट जनता के पास हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि दो हजार रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने जारी बयान में बताया कि 19 मई, 2023 तक प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों में से 98.18 फीसदी बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि 19 मई, 2023 को कारोबार बंद होने पर प्रचलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 28 फरवरी, 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,471 करोड़ रुपये रह गया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक दो हजार रुपये के नोट जमा करने या बदलने की सुविधा 07 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, ये सुविधा अब भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा आम लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के जरिए 2000 रुपये के नोट को अपने बैंक खाते में जमा कराने के लिए आरबीआई के किसी भी कार्यालय में भेज सकते हैं। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। हालांकि, दो हजार रुपये के नोट अब भी वैध मुद्रा बने रहेंगे।

## रश्मि देसाई ने वागले की दुनिया में एक मां की भूमिका निभाई



एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब का शो ह्यवागले की दुनिया में मीनाक्षी एक आत्मनिर्भर, स्पष्टवादी और मजबूत इरादों वाली महिला हैं, जिनकी मौजूदगी वागले परिवार के जीवन में एक नया भावनात्मक अध्याय जोड़ने वाली है। मीनाक्षी वागले परिवार में एक दूर की रिश्तेदार बनकर प्रवेश करती हैं। हालांकि, जल्द ही एक चौंकाने वाला सच सबके सामने आता है कि ॿ मीनाक्षी, छोटी किट्टू की जैविक माँ हैं। एक सफल, आत्मनिर्भर और बुद्धिमान महिला होने के बावजूद मीनाक्षी वर्षों से मातृत्व के लिए तड़प रही हैं। अपने बच्चे के प्रति उनका गहरा प्रेम उन्हें कुछ कठोर फैसले लेने के लिए मजबूर कर देता है। इसके बाद कहानी में एक संघर्षपूर्ण कोर्ट केस शुरू होता है, जिसका फैसला मीनाक्षी के पक्ष में आता है और वह किट्टू की कस्टडी जीत लेती हैं। लेकिन जब वह अपनी बेटी को अपने साथ ले जाने की तैयारी करती हैं, तो उन्हें यह अहसास होता है कि मातृत्व केवल कानूनी अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रेम, समझ और बच्चे की खुशी से जुड़ा होता है। अब सवाल यह है कि क्या मीनाक्षी को अपनी तड़प का अंत मिलेगा, या यह भावनात्मक यात्रा उनके मातृत्व के अर्थ को ही बदल देगी?

## आईटीसी बिंगो टेढ़े मेढ़े का भोजपुरी म्यूजिक वीडियो लांच




**जमशेदपुर।** आईटीसी का लोकप्रिय स्नैकिंग ब्रांड, बिंगो टेढ़े मेढ़े ने सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के साथ बनाए गए धमाकेदार भोजपुरी म्यूजिक वीडियो टेढ़े मेढ़े के लॉन्च के साथ अपने क्षेत्रीय जुड़ाव को और गहरा कर रहा है। आईटीसी फूड्स में नूडल्स और पास्ता के वाइस-प्रेजिडेंट और हेड ऑफ मार्केटिंग स्नैक्स, सुरेश चंद ने कहा कि अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो के लॉन्च के साथ, ब्रांड का लक्ष्य बिहार और उत्तर प्रदेश की अद्भुत संस्कृति और युवाओं के होंसले का जश्न मनाते हुए अपने मजबूत क्षेत्रीय जुड़ाव को और भी मजबूत करना है।

### देशभर में न्यू डिजायर को मिल रहा बेहतर रिस्पांस

**नई दिल्ली।** देश भर में न्यू डिजायर कार को बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। साल 2025 का जनवरी महीना सेडान कार सेगमेंट के लिए उतना अच्छा नहीं रहा, जितना हैचबैक और एसयूवी सेगमेंट के लिए रहा, लेकिन नई होंडा अमेज और स्कोडा स्लाविया के साथ ही मारुति सुजुकी सिआज जैसी गाड़ियों ने सेडान सेगमेंट को जिंदा रखा।

## चल मेरी लूना के साथ ई-लूना का नया टीवी विज्ञापन लांच



**रांची।** काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने ई-लूना के लिए नया टीवी कैंपेन लॉन्च किया है। इस टीवी कमर्शल में मशहूर और सदाबहार चल मेरी लूना की टैगलाइन को नए अंदाज में पेश किया है। इस कैंपेन में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को लेकर एक नए नजरिया पेश किया गया है। इसके साथ ही यह नए-नए फीचर्स और व्यक्तिगत परिवहन के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है। काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ मिस सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने इस अवसर पर कहा, यह ऐड कैंपेन लूना की शानदार विरासत का जश्न है और ई-लूना को भविष्य के पर्सनल ट्रांसपोर्ट के रूप में पेश करती है। ई-लूना सिर्फ एक इलेक्ट्रिक टू व्हीलर नहीं है, बल्कि यह तरक्की, मजबूती और नवाचार का प्रतीक है। इसे आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें दक्षता, मजबूती और किफायतीपन को मिलाकर एक परफेक्ट विकल्प के रूप में पेश किया है। यह शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के लिए परफेक्ट है। ई-लूना पूरी तरह से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर है, इस ऐड कैंपेन में ई-लूना की कुछ खास विशेषताओं को पेश गया है। एक बार चार्ज करने पर ई-लूना में लंबी दूरी तय करने की क्षमता है। रोजमर्रा के सफर के लिए इसे तरह-तरह से उपयोग करने और भारी सामान ले जाने की इसकी मजबूत क्षमता को इस विज्ञापन में दिखाया गया है। ई-लूना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि एक बार चार्ज करने के बाद इसे लंबी दूरी तक चलाया जा सकता है। इसमें 2.3 किलोवॉट क्षमता वाली बैटरी है, जो एक बार चार्ज कने पर 110 किलोमीटर की रेंज देती है। ई-लूना में 2.2 किलोवॉट पीक पावर की बीएलडीसी मिड-माउंट मोटर लगी है। यह 50 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देती है।

### तुहिन कांत पांडेय ने सेबी चेयरमैन का कार्यभार संभाला

**मुंबई/नई दिल्ली।** तुहिन कांत पांडेय ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 11वें चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया। अबतक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे आईएएस अधिकारी पांडेय को केंद्र सरकार ने गुरुवार को सेबी का चेयरमैन नियुक्त किया था। तुहिन कांत पांडेय शनिवार को दोपहर बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) व्यापारिक जिले में स्थित सेबी के मुख्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कार्यभार संभाला। उन्होंने माधबी पुरी बुच की जगह ली है, जिनका तीन साल का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया। पांडेय के कार्यभार संभालने के अवसर पर माधवी पुरी बुच मौजूद नहीं थीं।

## कल्याण ज्वैलर्स ने नए शोरूम के साथ झारखंड में अपनी उपस्थिति मजबूत की

- ज्वेलरी ब्रांड ने ग्राहकों के लिए कई रोमांचक ऑफर्स के साथ लांच का जश्न मनाया



**देवघर।** भारत के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांड में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने देवघर में राम रतन बख्शी रोड पर अपना नया शोरूम लांच किया। नया और शानदार शोरूम झारखंड में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करता है, जिसमें विभिन्न संग्रहों से डिजाइन की एक विस्तृत श्रृंखला है। वर्तमान में, ज्वैलरी ब्रांड राज्य के सभी प्रमुख बाजारों में मौजूद है - धनबाद, गिरिडीह, रांची, जमशेदपुर। नए शोरूम के बारे में बात करते हुए कल्याण ज्वेलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरामन ने कहा, 'देवघर में हमारे नए कल्याण ज्वेलर्स शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो हमारे ग्राहकों की अनूठी जरूरतों को पूरा करता है, उनके खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाता है। लॉन्च का जश्न मनाते हुए, कल्याण ज्वेलर्स ने मेकिंग चार्ज पर 50 की छूट की घोषणा की है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि ग्राहक बेहतरीन पीस खरीद सकें, साथ ही बेजोड़ शिल्प कौशल और कालातीत डिजाइन का अनुभव कर सकें, जिसके लिए कल्याण ज्वेलर्स प्रसिद्ध है। इसके अलावा, कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट - बाजार में सबसे कम और सभी कंपनी शोरूम में मानकीकृत - भी लागू होगा।

### फरवरी में मारुति सुजुकी की बिक्री में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने शनिवार को कहा कि फरवरी में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर मामूली वृद्धि के साथ 1,99,400 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी अवधि में कुल 1,97,471 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जारी एक बयान में कहा कि फरवरी में उसकी कुल बिक्री साल-दर-साल आधार पर मामूली वृद्धि के साथ 1,99,400 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने कुल 1,97,471 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने बताया कि फरवरी महीने में कुल घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 1,60,791 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 1,60,271 इकाई थी।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर मुंबई पंहुचा सनफीस्ट डार्क फैंटेसी का बिग फैंटेसी स्पेसशिप



**मुंबई।** बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों में अपनी सफलता के सफर को जारी रखते हुए, सनफीस्ट डार्क फैंटेसी का प्रसिद्ध फैंटेसी स्पेसशिप अब मुंबई पहुंच चुका है। यह 28 फरवरी को मनाए गए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर यहां लाया गया है। बिग फैंटेसीजः अपनी कल्पना को पंख दें कैम्पेन के तहत, यह स्पेसशिप बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए कला और तकनीक का अनूठा मेल प्रस्तुत करता है। इस पहल पर अपने विचार साझा करते हुए, आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन, बिस्किट्स और केक्स क्लस्टर के सीओओ, अली हारिस शेर ने कहा, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर नेहरू साइंस सेंटर के साथ साझेदारी करना युवा प्रतिभाओं और उनकी असीम संभावनाओं को प्रोत्साहित करने का एक अद्भुत तरीका है। हर क्षण हमें यह याद दिलाता है कि उनके भीतर कितनी अद्वितीय रचनात्मकता समाई हुई है। हम आने वाले दिनों में और भी अधिक युवा सपने देखने वालों का स्वागत करने और उनकी कल्पनाओं को नई दिशाओं में उड़ान भरते देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस अनोखे अनुभव से उत्साहित होकर, प्रतिभागी राहुल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मुझे सुपरहीरो बहुत पसंद हैं, और आज मैंने अपनी ड्राइंग को बड़े पर्दे पर एक असली डिजिटल सुपरहीरो में बदलते हुए देखा यह मेरी कल्पना के सच होने जैसा था।

## तीन छात्रों को मिली पी एंड जी शिक्षा बेटियां स्कालरशिप




**मुंबई।** प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पी एंड जी इंडिया) ने भारतीय प्रबंधन संस्थान, मुंबई (आईआईएम मुंबई) में स्टेम (एसटीईएम) पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाली तीन लड़कियों को पी एंड जी शिक्षा बेटियां स्कालरशिप प्रदान की है। पी एंड जी इंडिया ने सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी के साथ साझेदारी में इस कार्यक्रम को लागू किया। यह स्कालरशिप आईआईएम मुंबई समानता शिखर सम्मेलन के दौरान स्वतंत्र बोर्ड के निदेशक, पूर्व मुख्य सचिव, महाराष्ट्र सरकार (जीओएम) और मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सलाहकार सीताराम कुंटे की मौजूदगी में दी गई। इस अवसर पर वी कुमार (सीईओ, पी एंड जी इंडिया), मनोज कुमार तिवारी (संस्थापक निदेशक, आईआईएम मुंबई) और अमित चंद्र (सीईओ, सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी) सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कंपनी की प्रमुख सीएसआर पहल-पी एंड जी शिक्षा का एक हिस्सा, स्कालरशिप प्रोग्रोम कार्यक्रम एक अनूठी पहल है जो स्टेम फील्ड (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में शिक्षा ले रही वंचित समुदायों की लड़कियों को वित्तीय सहायता और सलाह के अवसर देता है, जिसका उद्देश्य विनिर्माण, उत्पादन, व्यावसायिक और अन्य स्टेम फील्ड में में कुशल महिला पेशेवरों के प्रवेश को सहायता प्रदान करना है। पी एंड जी शिक्षा का यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब उसने आईआईएम मुंबई में उच्च शिक्षा लेनेवाली लड़कियों को स्कालरशिप प्रदान की हैं। इस अवसर पर एनाक्षी देवा (प्रमुख-सीएसआर और संचार, पीएंडजी इंडिया) ने कहा, पिछले दो दशकों में, पीएंडजी शिक्षा ने विभिन्न शैक्षिक पहलों के माध्यम से वंचित समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालना जारी रखा है। हमारा मानना है कि शिक्षा एक शक्तिशाली साधन है, जो व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। पी एंड जी शिक्षा बेटियां स्कालरशिप का उद्देश्य इन प्रतिभाशाली युवा महिलाओं को वित्तीय सहायता और सलाह दोनों देना है ताकि इन प्रतिभाशाली युवा महिलाओं के लिए स्टेम में महिलाओं की अगली पीढ़ी बनने का मार्ग तैयार करने में सहायता मिले।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2025 में वैश्विक मंच पर भारत की प्रगति का करेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, 3 से 6 मार्च को स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह विश्व के सबसे बड़े और प्रभावशाली प्रौद्योगिकी और दूरसंचार कार्यक्रमों में से एक है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को अपनी यात्रा के संदर्भ में विचार प्रकट करते हुए कहा कि भारत तेजी से एक वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है और नवाचार में तेजी लाने के लिए मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2025 में देश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने और मोबाइल और दूरसंचार क्षेत्र में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एमडब्ल्यूसी में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के उद्घाटन समारोह का अनावरण और भारत पैवेलियन का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा सिंधिया एमडब्ल्यूसी 2025 में वैश्विक तकनीकी प्रशासन और नवाचार संतुलन पर प्रमुख सत्रों को संबोधित करेंगे संचार मंत्री अपनी यात्रा के दौरान 5-जी, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), 6-जी, क्वांटम और अगली पीढ़ी की मोबाइल प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक विकास का पता लगाने के लिए वैश्विक उद्योग प्रमुखों, नीति निर्माताओं और नवप्रवर्तकों के साथ जुड़ेंगे।

## खास खबर

### क्रिकेटर रॉन ड्रेपर का निधन

**नई दिल्ली।** सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। ये टेस्ट क्रिकेटर रॉन ड्रेपर थे, जिनका निधन 98 साल और 63 दिनों की उम्र में हुआ। 28 फरवरी 2025 को उनके निधन की पुष्टि हुई। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर रहे रॉन ड्रेपर ने 1950 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट मैच खेले थे। ऑस्ट्रेलिया टीम में उनके एक प्रतिद्वंद्वी रहे नील हार्वे अब 96 वर्ष की आयु में सबसे बुजुर्ग जीवित टेस्ट खिलाड़ी हैं। पिछले दोनों सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर दक्षिण अफ्रीकी के ही थे। इनमें एक नॉर्मन गॉर्डन का नाम शामिल है, जिनका 2016 में 103 साल की आयु में निधन हुआ था और जॉन वॉटकिंस 98 साल तक जीवित रहे। उन्होंने 2021 में अंतिम सांस ली थी। रॉन ड्रेपर का जन्म 24 दिसंबर 1926 को हुआ था। उन्होंने अपने 19वें जन्मदिन पर ऑरेंज फ्री स्टेट के खिलाफ ईस्टर्न प्रोविंस के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण करते हुए शतक बनाया था।

### स्मिथ ने रन-आउट की अपील कराई रद्द

**करांची।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में खेल भावना का परिचय दिया जिसकी हर तरफ तारीफ हो रही है। लाहौर में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में नूर अहमद के खिलाफ रन-आउट की अपील हुई थी, लेकिन स्मिथ ने इसे वापस लेकर सच्ची खेल भावना दिखाई। बता दें यह घटना 47वें ओवर की आखिरी गेंद पर जब हुई नूर अहमद यह सोचकर क्रीज से बाहर निकल आए कि ओवर खत्म हो गया है। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर जोश इंगलिस ने तुरंत बेल्स हटा दीं और रन-आउट की अपील कर दी। यह सब स्मिथ देख रहे थे उन्होंने तुरंत अंपायर से अपील रद्द करने के लिए कहा। स्मिथ के इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर स्मिथ की खूब तारीफ हो रही है।

### इंग्लैंड के कप्तान बटलर ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप से बाहर होने के बाद जोस बटलर ने इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने घोषणा की कि वह करांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी बार टीम का नेतृत्व करेंगे। बटलर ने कहा कि वह इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ रहे हैं। यह उनके और टीम के लिए सही फैसला है। उम्मीद है कि ब्रेंडन मैकुलम के साथ कोई और आ सकता है जो टीम को वहां ले जाएगा जहां इसकी जरूरत है। बटलर इंग्लैंड के लिए खेलना जारी रखेंगे और उन्होंने कहा कि वह वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी हावी भावनाएं उदासी और निराशा हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है, समय के साथ, यह बीत जाएगा और वह अपने क्रिकेट का आनंद ले सकेंगे और यह भी प्रतिबिंबित करने में सक्षम होंगे कि अपने देश की कप्तानी करना कितना बड़ा सम्मान है और इसके साथ आने वाली सभी विशेष चीजें।

# चैंपियंस ट्रॉफी में टॉप पर पहुंचने की जंग

**भारत बनाम न्यूजीलैंड**

एजेंसी

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना आखिरी लीग मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच पर सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह मुकाबला तय करेगा कि ग्रुप ए में कौन सी टीम शीर्ष पर रहेगी। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, लेकिन ग्रुप स्टेज में पहला स्थान हासिल करने के लिए यह मैच बेहद अहम होगा। अब तक भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया और फिर पाकिस्तान को भी 6 विकेट से मात दी। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। उन्होंने




पाकिस्तान को 60 रनों से हराया और फिर बांग्लादेश को 5 विकेट से शिकस्त दी। ऐसे में दोनों टीमें पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेंगी। इस टूर्नामेंट में अब तक तीन मैच बारिश की वजह से प्रभावित हुए हैं। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था, जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश का मैच भी बारिश के कारण नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच आधा ही खेला जा सका और अंकों का बंटवारा हुआ। ऐसे में फैंस के मन में यह सवाल जरूर उठ रहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले पर मौसम का क्या असर पड़ेगा। राहत की बात यह है कि मौसम पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को दुबई में तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और ह्यूमिडिटी 47% तक होगी। मैच के दौरान हवा की गति 29 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है, लेकिन बारिश की संभावना केवल 5% ही जताई गई है। इसका मतलब यह है कि फैंस को पूरे 50 ओवर का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। भारतीय टीम की अगुआई कप्तान रोहित शर्मा करेंगे, जबकि न्यूजीलैंड की कप्तानी केन विलियमसन के हाथों में होगी। भारत के लिए विराट कोहली, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम डेवोन कॉनवे, ट्रेंट बोल्ट और मिशेल सैंटनर पर निर्भर रहेगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा। भारत में इसे स्पोर्ट्स18 एचडी और स्पोर्ट्स18 एसडी चैनलों पर लाइव देखा जा सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह हाई-वोल्टेज मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। अच्छी खबर यह है कि मौसम पूरी तरह से मैच के अनुकूल रहेगा। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, दुबई में रविवार को तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, जबकि ह्यूमिडिटी 47 फीसदी तक रहेगी। हवा की गति 29 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी और आसमान साफ रहेगा।

## आर्मंड डुप्लांटिस ने 11वीं बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने शुक्रवार को फ्रांस के क्लेरमोंट-फेरैंड में ऑल-स्टार पर्च मीट में 6.27 मीटर की छलांग लगाकर 11वीं बार विश्व पोल वॉल्ट रिकॉर्ड तोड़ दिया।



दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने अगस्त में सिलेसिया में बनाए गए 6.26 के अपने पिछले वैश्विक रिकॉर्ड को तोड़ने के अपने पहले प्रयास में रिकॉर्ड ऊंचाई को पार किया, जिससे ट्रैक-साइड आतिशबाजी की चमक से अखाड़ा जगमगा उठा। डुप्लांटिस ने संवाददाताओं से कहा, ■मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा। मैं क्या कह सकता हूं, मैं इसे करने के लिए यहां आया था। मैंने इसे करने के लिए सब कुछ तैयार कर लिया। रन-अप वास्तव में बहुत अच्छा रहा। मैंने बस इसे कर दिखाया। इमैनौइल करालिस 6.02 मीटर के ग्रीक रिकॉर्ड क्लीयरेंस के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि छह पुरुषों ने पहली बार एक ही प्रतियोगिता में 5.91 मीटर या उससे अधिक की क्लीयरेंस की। 25 वर्षीय डुप्लांटिस जिन्होंने पहले दिन अपने उपनाम ■मोंडो■ के तहत अपना पहला गाना ■बॉप■ रिलीज किया था - ने आसानी से 5.65 मीटर, 5.91 मीटर, 6.02 मीटर और 6.07 मीटर की ऊंचाई को पार किया और जीत हासिल करने के साथ ही, उन्होंने अपने विश्व रिकॉर्ड प्रयास के लिए बार को 6.27 तक बढ़ा दिया।

## पसंदीदा कवर ड्राइव से पारी को नियंत्रित करते हैं विराट

एजेंसी

**दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि कवर ड्राइव उनका पसंदीदा शॉट है । कोहली के अनुसार इस शॉट से वह पारी को नियंत्रित भी कर पाते हैं हालांकि कभी-कभी ये नुकसान देह भी रहा है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफ में शतक के दौरान भी कई कवर ड्राइव लगाये थे। कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए एक वीडियो में कहा कि ये एक कठिन स्थिति है। ये कवर ड्राइव पिछले कुछ साल में मेरी कमजोरी रहा है हालांकि इसी शॉट से उन्होंने काफी रन भी



बनाये हैं। ,कोहली ने कहा, ह्यक्योंकि जब मैं इस तरह के शॉट लगाता हूं तो मैं क्रीज पर बल्लेबाजी करते समय नियंत्रण महसूस करता हूं। इसलिए पाक के खिलाफ खेली गयी पारी मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक अच्छी पारी थीह्न। उन्होंने कहा कि तीसरे नंबर पर उनकी भूमिका पिछले कुछ साल में बदलाव रहित रही है। एक बात जो मैंने हमेशा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते समय सोची है, वह है जोखिम को कम करना और यह तय करना कि मैं अपनी टीम को जीत की स्थिति में बनाये रखूं। विराट जब पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में जब शतक लगाने के करीब थे, तो उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े अक्षर पटेल इस बात का हिसाब लगा रहे थे कि किस प्रकार खेला जाये जिससे विराट शतक तक पहुंच पायें।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ मैदान में नजर आएंगे रोहित-शमी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पूरी तरह से फिट हैं और चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने के लिए तैयार हैं। भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना ली है और रविवार को दुबई में दोनों टीमों का मुकाबला होगा, जिसमें विजेता टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर रहेगी। पाकिस्तान पर भारत की पिछली जीत के दौरान रोहित और शमी कुछ देर के लिए मैदान से बाहर चले गए थे, जिससे दोनों खिलाड़ियों की फिटनेस पर संदेह हो रहा था। यहां तक कि वे इस



मैच के बाद नेट सेशन में भी नजर नहीं आए। टीम के साथ जरूर दिखे थे। विकेटकीपर केएल राहुल ने कहा कि जहां तक उन्हें पता है, किसी के भी मैच को मिस करने की कोई वास्तविक चिंता नहीं है। राहुल ने कहा कि सभी खिलाड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और अगर कुछ दिक्कतें थीं भी तो वे गंभीर नहीं थीं। मोहम्मद शमी ने एक साल से ज्यादा लंबे समय के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की है। वे इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज में लय में नजर नहीं आए थे, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में 5 विकेट लेकर उन्होंने अपनी काबलियत साबित कर दी।

## सहायक कोच ने बताया पंत के बाहर बैठने का कारण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है और अब ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान पाने के लिए उसका मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अभी तक एक भी मैच नहीं खेले हैं, लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें तैयार रखना चाहता है।

भारत के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि पंत के लिए बाहर बैठना आसान नहीं रहा, लेकिन इस स्तर के क्रिकेट में ऐसा होता है। उन्होंने कहा, ऋषभ के लिए बाहर रहना मुश्किल रहा है, लेकिन क्रिकेट का नेचर यही है। केएल राहुल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, हालांकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले, क्योंकि हमें पंत को भी तैयार रखना था। हमें नहीं पता कि कब उनकी जरूरत पड़ जाए, लेकिन दो शानदार विकेटकीपर टीम में होना हमेशा फायदेमंद रहता है। डोइशे ने आगे बताया कि न्यूजीलैंड के पास चार स्पिनर हैं, जिससे मुकाबला और रोचक हो सकता है। उन्होंने कहा, यह स्पिनरों की टक्कर होगी। टूनार्मेंट से पहले हमने नहीं सोचा था कि स्पिनर्स इतनी अहम भूमिका निभाएंगे, लेकिन पिच ने भी उनकी मदद की है। मुझे यकीन है कि अगले मैच में भी स्पिनरों का प्रभाव देखने को मिलेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला बेहद अहम होने वाला है। जहां भारतीय टीम की नजर ग्रुप में टॉप पर रहने पर होगी, वहीं न्यूजीलैंड भी इस मैच को जीतकर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा।

## पूर्व रणजी खिलाड़ियों के लिए बन रही लीग : प्रवीण कुमार

**मुम्बई ।** अब पूर्व रणजी क्रिकेटरों के लिए भी एक नई बनने जा रही है। इस लीग का आयोजन इसी साल जून-जुलाई में हो सकता है। इसमें रणजी से संन्यास ले चुके खिलाड़ी खेलेंगे। एक लीग के आयोजन की रुपरेखा बनायी जा रही है । इसके लिए मेंटोर की जिम्मेदारी पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार को दी गयी है। इस लीग का नाम ह्यएपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग (ईवीसीएल) रहेगा और इसमें छह फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी और कुल 18 मैच होंग। प्रवीण कुमार ने कहा, ह्यमैं रणजी खिलाड़ियों के योगदान को मान्यता देने के लिए ईवीसीएल का समर्थन करता हूं। इन खिलाड़ियों को श्रेय मिलना ही चाहिये क्योंकि इन खिलाड़ियों को मेहनत के बाद भी अधिक पहचान नहीं मिली है।

## यूपी वॉरियर्स की टीम पहली बार खेलेगी लखनऊ में घरेलू मैच

एजेंसी

**लखनऊ।** वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के तीसरे सीजन में पहली बार यूपी वॉरियर्स की टीम अपने घरेलू मैदान, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में खेलेगी। टीम 28 फरवरी को लखनऊ पहुंची।

दीप्ति शर्मा की कप्तानी वाली यह टीम 3 मार्च को गुजरात जायंट्स, 6 मार्च को मुंबई इंडियंस और 8 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी।

कप्तान दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ■हमने दो सीजन से अपने घरेलू मैदान पर खेलने का इंतजार किया है और अब यह सपना पूरा हो रहा है। घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है, और हम अपना सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीम के कोच जॉन लुईस ने कहा कि यूपी वॉरियर्स की सफलता के लिए अनुकूलनशीलता (एडप्टेबिलिटी) महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम के पास संतुलित संयोजन है और खिलाड़ी चुनौती के लिए तैयार हैं। युवा खिलाड़ी वृंदा दिनेश ने कहा, यूपी वॉरियर्स के लिए खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। मैंने अब तक इस अनुभव का पूरा आनंद लिया है और लखनऊ में खेलने को लेकर उत्साहित हूं।■ कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिशा शर्मा ने कहा कि यूपी वॉरियर्स न केवल क्रिकेट में बल्कि महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और खेल के विकास में भी योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि टीम यूपी क्रिकेट एसोसिएशन और स्कूलों के साथ मिलकर युवा लड़कियों को क्रिकेट से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। कप्तानः दीप्ति शर्मा (कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), चिनेल हेनरी, पूनम खमनार, किरण नवगिरे, दिनेश वृंदा, जॉर्जिया वोल, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, तहलिया मैकग्राथ, श्वेता सेहरावत, अंजलि सरवानी, सोफी एक्लेस्टोन, राजेश्वरी गायकवाड़, साइमा ठाकोर, आरुषि गोयल, क्रांति गौड़, गौहर सुल्ताना।

## मैथ्यू शॉर्ट सेमीफाइनल से हो सकते हैं बाहर

एजेंसी

**करांची ।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बिना कोई मैच जीते सेमीफाइनल में पहुंच चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लग सकता है। टीम के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट चोटिल हो गए हैं और उनके आगामी मुकाबले में खेलने पर संशय बना हुआ है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ लाहौर में खेले गए मैच के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि शॉर्ट अभी संघर्ष कर रहे हैं और उनके ठीक होने के लिए



कुछ दिन काफी कम हैं। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि उनकी जगह कौन सा खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में शामिल होगा, लेकिन माना जा रहा है कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क को मौका मिल सकता है। मैथ्यू शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ 15 गेंदों पर 20 रन बनाए थे, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 102 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 83 रन बनाए हैं, जिससे वह टीम के अहम बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइनअप पर असर पड़ सकता है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया 274 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी और 13 ओवर में एक विकेट खोकर 109 रन बना चुकी थी। लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और करीब एक घंटे की देरी के बाद अंपायरों ने गीली पिच की वजह से मैच रद्द करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। टीम को अब यह जानने के लिए रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मुकाबले का इंतजार करना होगा कि उसका सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को दुबई में होगा या 5 मार्च को लाहौर में।

## एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी बेंगलुरु रवाना

**रांची।** झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को आज बेंगलुरु के लिए हटिया रेलवे स्टेशन से बहुत खिलाड़ी बैठने पहुंचा,और 4 से 9 तक मास्टर एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 1 मार्च को हटिया से रवाना हुएं सभी खिलाड़ियों को झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के सभी अधिकारी के तरफ से बहुत बहुत बधाई बेस्ट ऑफ लक निम्न लिखित खिलाड़ी भाग लेगे लक्ष्मण राम, राजकुमार



बाल्मीकि, केके ठाकुर, सुरजीत सिंह, राम यादव, संजय, राजेंद्र, पूजा, मेरी, ललिता, रोसलिया, और झारखंड से 55 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

# चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल में इंडिया-आस्ट्रेलिया हो सकते हैं आमने-सामने

## भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहले ही पहुंच चुके हैं सेमीफाइनल में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियन ट्राफी 2025 के तीन टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं, जबकि चौथी टीम आज होने वाले मैच पर तय होगी। टीम इंडिया के बाद न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल्स के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। चौथी टीम साउथ अफ्रीका हो सकती है। साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जीत जरुरी नहीं। ऐसे में कहा जा सकता है कि वर्ल्ड कप 2023 जैसे स्थिति बन सकती है और चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भी टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो सकता है। बता दें वर्ल्ड कप 2023 की सेमीफाइनल्स इंडिया, ऑस्ट्रेलिया,



साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच हुआ था। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी यही चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने वाली हैं, जिनमें से भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहले ही पहुंच चुकी हैं, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम को अगर इंग्लैंड के खिलाफ जीत मिलती है तो साउथ अफ्रीका टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी और अगर इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका की टीम मैच हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल खेलेगी।

इसके लिए साउथ अफ्रीका को अगर इंग्लैंड ने 300 रन बनाए तो 207 या इससे ज्यादा रनों से हार नहीं मिलनी चाहिए। इसके अलावा अगर साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी की और 300 रन बनाए तो इंग्लैंड को 11.1 ओवर में उस टारगेट को चेज नहीं करने देना चाहिए। अगर इससे बच जाती है और साउथ अफ्रीका की टीम मुकाबला हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, क्योंकि साउथ अफ्रीका के तीन पॉइंट रहेंगे और अफगानिस्तान से उसका नेट रन रेट बेहतर रहेगा। माना जा रहा है कि इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल हो सकता है। अगर पहला सेमीफाइनल इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच होता है और दूसरा सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच और दोनों टीमें अपने सेमीफाइनल्स जीत जाएं तो फिर फाइनल में दोनों का मुकाबला हो सकती है। अगर साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को हरा दिया तो फिर ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे पायदान पर होगी, जबकि इंडिया ने न्यूजीलैंड को हरा दिया तो भारत की टीम ग्रुप ए में नंबर वन होगी। ऐसे में इन दोनों के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा।



सिंगापुर के सेंटोसा गोल्फ क्लब में आयोजित एचएसबीसी महिला गोल्फ विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर के दौरान टी-ऑफ करती हुई इंग्लैंड की चार्ली हल।

# शुभ और अशुभ दोनों हो सकते हैं सांप से जुड़े सपने



**स्वप्न शास्त्र में ऐसे कई सपने बताए गए हैं, जिनके दिखने पर व्यक्ति को आने वाले जीवन में लाभ मिल सकता है, लेकिन वहीं कुछ सपने ऐसे भी हैं, जो जीवन में आने वाली परेशानियों की ओर इशारा करते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि अगर आपको सपने में सांप दिखाई देते हैं, तो इसका क्या मतलब हो सकता है।**



### घर आएंगी खुशियां

स्वप्न शास्त्र में सांप से जुड़े कुछ सपनों को शुभ माना जाता है। जैसे अगर किसी व्यक्ति को सपने में रंग-बिरंगे सांप दिखाई देते हैं, तो यह अच्छा माना जाता है। स्वप्न शास्त्र में इस सपने का अर्थ माना गया है कि आपके जीवन में जल्दी ही खुशियों का आगमन होने वाला है।

### दूर होगी आपकी परेशानी

अगर कोई व्यक्ति सपने में खुद को सांप पकड़ते हुए देखते हैं, तो इसे एक बहुत ही शुभ सपना माना गया है। स्वप्न शास्त्र में इस सपने का अर्थ माना गया है कि आने वाले समय में आपको कहीं से धन लाभ मिल सकता है। साथ ही यह सपना इस बात की ओर भी इशारा करता है कि आपके जीवन से जल्द ही सारी परेशानियां दूर होने वाली हैं।

### ये होता है मतलब

वहीं अगर किसी व्यक्ति को सपने में दो सांप एक साथ दिखाई देते हैं, तो इसका अर्थ यह माना जाता है कि आप जीवन में संतुलन बनाने में कामयाब रहेंगे। इस तरह का सपना व्यक्ति को यह भी संकेत देता है कि आपके मन में किसी बात को लेकर कोई-न-कोई उलझन चल रही है।

### हरे रंग का सांप दिखना

अगर किसी व्यक्ति को सपने में पेड़ के ऊपर हरे रंग का सांप दिखाई देता है, तो स्वप्न शास्त्र में इसका मतलब है कि आपको कहीं से धन लाभ होने वाला है। वहीं अगर सपने में सांप आपको काट रहा है और आप उसे पकड़कर उसका दांत तोड़ देते हैं, तो इसका अर्थ है कि आप शत्रुओं पर विजय पा लेंगे।

# चेक साड़ी में इन ब्लाउज के साथ करें स्टाइल...

## दिखेंगी खूबसूरत



*साड़ी पहनने का शौक हम सभी को होता है, लेकिन इसमें लुक तभी अच्छा लगता है जब हम इसके साथ मैचिंग ब्लाउज या अलग डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि लुक परफेक्ट लगे। लेकिन जब चेक साड़ी के साथ ब्लाउज को वियर करने की बात आती है, तो हम अक्सर सोचते हैं कि किस तरह के ब्लाउज को स्टाइल करें। इसके लिए हम आपको आर्टिकल में बताते हैं किस तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज को आप वियर कर सकती हैं।*

### प्लेन डिजाइन वाले ब्लाउज को करें वियर

आप अगर चेक साड़ी के साथ किसी अलग डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप प्लेन डिजाइन वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज चेक साड़ी के साथ अच्छी लगेगी। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह की साड़ी का चेक अच्छे से दिखाई देगा। साथ ही, आपका लुक अच्छा लगेगा। इसके साथ आप प्लेन डिजाइन वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं।

### प्रिंटेड डिजाइन वाला ब्लाउज

अगर आपको कॉन्ट्रास्ट करके ब्लाउज को वियर करना है, तो इसके लिए आप फोटो में नजर आने वाले ब्लाउज को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज पहनने के बाद अच्छा लगेगा। इसमें छोटे-छोटे प्रिंट का डिजाइन मिलेगा। इससे चेक साड़ी का डिजाइन अच्छा लगेगा। साथ ही, आप इसके साथ ज्वेलरी अच्छे से पेयर कर पाएंगी। इससे आपकी हर कोई तारीफ करेगा।

### हाफ चेक के साथ प्लेन डिजाइन ब्लाउज

साड़ी के साथ हाफ चेक प्लेन डिजाइन ब्लाउज को आप वियर कर सकती हैं। इसमें चेक का डिजाइन बॉर्डर पर दिया गया है। बाकी सारा ब्लाउज प्लेन डिजाइन में है। इससे ये साड़ी अच्छी लग रही है। साथ ही, ब्लाउज और भी अच्छा नजर आ रहा है। इस तरह के ब्लाउज आपको रेडीमेड मिल जाएंगे। इस बार ट्राई करें ये ब्लाउज। इससे आपका पूरा साड़ी लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप अच्छी नजर आएंगी। मार्केट में इस तरह के ब्लाउज आपको रेडीमेड डिजाइन में मिल जाएंगे या आप चाहें तो कपड़ा लेकर इसे तैयार करा सकते हैं। इससे आपको सही फिटिंग वाला ब्लाउज मिल जाएगा। आप इसमें नेकलाइन अपनी पसंद का बना पाएंगी।

# नवजात बच्चों की 28 दिनों तक क्यों जरूरी है विशेष देखभाल



**नवजात बच्चे काफी नाजुक होते हैं। उनका ख्याल रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि जन्म के बाद उनका इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होता है। इस दौरान सही देखभाल से ही बच्चे को स्वस्थ और सुरक्षित रखा जा सकता है। नवजात को सही पोषण, गर्माहट और देखभाल देना बहुत आवश्यक होता है ताकि वह किसी भी संक्रमण या बीमारी से बचा रहे। ऐसे में नवजात बच्चों की 28 दिनों के लिए देखभाल बेहद जरूरी होती है। आइए इसके बारे में जानते हैं।**

## ऐसे करें नवजात बच्चों की केयर

नवजात को जरूरी टीके लगवाने से उसे गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लेकर टीकाकरण पूरा कराना बहुत जरूरी है। जन्म के तुरंत बाद से ही शिशु को मां का दूध पिलाना चाहिए। यह उसे जरूरी पोषण देता है और उसकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाता है। ब्रेस्ट फीडिंग से शिशु का मानसिक और शारीरिक विकास तेजी से होता है। KMC यानी कंगारू मदर केयर एक तकनीक है, जिससे नवजात को गर्मी मिलती है और उसका शारीरिक विकास बेहतर होता है। यह विशेष रूप से समय से पहले जन्मे और कम वजन वाले शिशुओं के लिए फायदेमंद होता है। नवजात की नाजुक त्वचा को संक्रमण से बचाने के लिए नहलाने और कपड़े बदलने में विशेष ध्यान दें। शिशु के नाखून छोटे और साफ रखें ताकि वह खुद को चोट न पहुंचाए। शिशु को सोने के लिए शांत और सुरक्षित माहौल दें, क्योंकि नींद उसकी ग्रोथ के लिए बहुत जरूरी होती है। नवजात को दिन में 16-18 घंटे तक सोने की जरूरत होती है।

## इन चीजों पर ध्यान दें

- हाथ धोकर ही शिशु को छुएं ताकि उसे किसी प्रकार का संक्रमण न हो।
- नवजात को ज्यादा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर ले जाने से बचें।
- अगर शिशु को सांस लेने में तकलीफ हो या लगातार रोता रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- शिशु के शरीर में पीलापन, सुस्ती, दूध न पीना या तेज बुखार जैसे लक्षण दिखें तो डॉक्टर से सलाह लें।
- नवजात को बार-बार गोद में लेने और झटके से हिलाने से बचें।

# रात में सोने से पहले चेहरे पर ये चीज लगाना न भूले

अपने चेहरे से दाग धब्बे और पिंपल्स को दूर करने के लिए और चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए अधिकतर लड़कियां काफी कोशिश करती है। यही नहीं इनमें से कुछ लड़कियां तो बाजार से महंगे प्रोडक्ट खरीद कर अपने चेहरे पर इस्तेमाल करती है, लेकिन ऐसा करने के बावजूद भी ऐसी कई लड़कियां हैं, जिनके चेहरे पर परेशानियां कम होने का नाम नहीं लेती है। अगर आप भी उन्हें लड़की में से एक है तो यह खबर आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं एक ऐसे घरेलू नुस्खे को बताएंगे, जिसे कर आप अपने चेहरे पर होने वाली परेशानियों को कम कर सकती हैं। आईए जानते हैं उसने उसके बारे में।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट ने बताया कि अगर आप भी चेहरे पर कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर थक चुकी हैं और अपने चेहरे पर होने वाली परेशानियों को कम करना चाहती हैं, तो एक उपाय आपके लिए असरदार हो सकता है। इसके लिए आपको रोजाना रात में सोने से पहले अपने चेहरे पर इस खास टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। टोनर को घर पर तैयार करने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लग सकती है। जैसे-

### टोनर बनाने की सामग्री

चावल का पानी, गुलाब जल, एलोवेरा जेल

### टोनर बनाने का तरीका

टोनर बनाने के लिए सबसे पहले आपको चावल के पानी में गुलाब जल और एलोवेरा जेल दोनों को बराबर मात्रा में डालकर अच्छी तरह मिला लें। जब यह तैयार हो जाए, तब इसे स्प्रे बोतल में भरकर रात में सोने से पहले इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। चावल के पानी को बनाने के लिए आप रात में चावल को भिगोकर रख दें, दूसरे दिन चावल अलग कर इसके पानी को छान ले। ऐसा कर आप आसानी से चावल के पानी को तैयार कर सकती हैं। ध्यान रहे आपको इस टोनर को चेहरे पर 7 मिनट तक ही लगा कर रखना है। उसके बाद आप चेहरे को साफ पानी से धो सकती हैं।

### इन बातें का रखें ध्यान

चेहरे के लिए टोनर का इस्तेमाल करने से पहले आपको रात में सोने से पहले अपने चेहरे को अच्छे से धोकर सूखने के बाद ही टोनर का इस्तेमाल करना चाहिए। इस टोनर को आप एक दिन छोड़कर हर दूसरे दिन चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं। टोनर का इस्तेमाल कर आप अपनी स्किन को हाइड्रेट रख सकती हैं। यही नहीं इससे आपको कुछ दिनों में असर देखने को मिल सकता है।



# डिनर से 2 घंटे पहले पिएं यह टेस्टी स्मूदी



*अगर आप वेट लॉस की कोशिश कर रहे हैं और रात में बेहतर नींद लेना चाहते हैं, तो यह स्मूदी आपकी सबसे अच्छी दोस्त बन सकती है। जी हां, अक्सर लोग रात के समय अनहेल्दी स्नैक्स खा लेते हैं, जिससे न सिर्फ वजन बढ़ता है, बल्कि डाइजेशन भी बिगड़ जाता है। ऐसे में, अगर आप डिनर से 2 घंटे पहले यहां बताई टेस्टी और हेल्दी स्मूदी पीते हैं, तो यह आपकी भूख को शांत करेगी, मेटाबॉलिज्म बूस्ट करेगी और बस इतना ही नहीं, इसे रोजाना पीने से आपको नींद भी अच्छी आएगी। आइए जानते हैं।*

<u>सामग्री</u>: 1 केला (पका हुआ), 1 कप गुनगुना बादाम दूध (या नारियल दूध), 1 छोटा चम्मच चिया सीड्स, 1 छोटा चम्मच अखरोट (कटा हुआ), छोटा चम्मच दालचीनी पाउडर, 1 बड़ा चम्मच शहद या डेट्स (स्वीटनर के रूप में), कप ग्रीक योगर्ट (अगर आपको क्रीमी टेक्सचर पसंद है), 4-5 बादाम (भिगोए हुए), छोटा चम्मच जायफल पाउडर (बेहतर नींद के लिए), 3-4 आइस क्यूब्स (अगर ठंडी स्मूदी पसंद है)

### बनाने की विधि

सभी सामग्री को ब्लेंडर में डालें और 1-2 मिनट तक स्मूद ब्लेंड करें। जब तक स्मूदी क्रीमी और एकसार न हो जाए, तब तक इसे अच्छे से मिलाएं। एक ग्लास में डालकर ऊपर से चुटकीभर दालचीनी पाउडर छिड़कें और फिर तुरंत सर्व करके इसका मजा लें।

### वेट लॉस स्मूदी के फायदे

<u>वजन घटाने में मददगार</u>: यह स्मूदी कम कैलोरी और हाई फाइबर से भरपूर होती है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है।

<u>बेहतर नींद</u>: इसमें ऐसे तत्व होते हैं जो दिमाग को शांत करते हैं और अच्छी नींद लाने में मदद करते हैं।

<u>डाइजेशन में सुधार</u>: यह स्मूदी पेट को ठंडक देती है और डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाती है।

<u>एनर्जी बूस्टर</u>: यह दिनभर की थकान दूर करने के साथ-साथ शरीर को भरपूर पोषण भी देती है।

# एग्जाम हॉल के प्रेशर को मैनेज करने के तरीके

बच्चों के एग्जाम अब शुरू होने में कुछ ही समय बाकी है। जैसे-जैसे एग्जाम नजदीक आते हैं वैसे ही बच्चों में इसे लेकर स्ट्रेस बढ़ने लगता है। ऐसे में पढ़ाई करना भी बहुत मुश्किल हो जाता है। कक्षा चाहे कोई भी हो लेकिन एग्जाम पास आते ही बच्चे और पेरेंट्स दोनों ही पढ़ाई को लेकर स्ट्रेस में रहते हैं। कोर्स कंप्लीट करने और रिजल्ट को लेकर काफी चिंता रहती है और इसके अलावा एग्जाम के दौरान हॉल में भी ये स्ट्रेस और प्रेशर कम नहीं होता है। एग्जाम हॉल में होने वाले तनाव और प्रेशर से स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस काफी प्रभावित होती है। जिसे कम करना और रिलेक्स फील करना बहुत जरूरी है। आप एक्सपर्ट द्वारा बताए गए इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं। इससे एग्जाम हॉल के प्रेशर को मैनेज करने में मदद मिल सकती है।

### एग्जाम से पहले

एग्जाम से एक घंटा पहले पढ़ाई बंद कर दें। एक घंटे में नया आसानी से नहीं सीख पाएंगे, लेकिन अगर आपको कोई टॉपिक ऐसा मिल गया जिसके बारे में आपको नहीं पता, तो ये स्ट्रेस का कारण बन सकता है। वहां पहुंचने के बाद दूसरे स्टूडेंट्स से परीक्षा के बारे में बात न करें।


### एग्जाम के दौरान

एग्जाम देते समय सबसे पहले तो शांति से प्रश्न पत्र को ध्यान से पढ़ें और समझें, उस टाइम को मैनेज करें, साथ ही सबसे आसान, छोटे और जो प्रश्न आपको सही से आते हैं उसका उत्तर पहले लिख लें। इससे आपका टाइम वेस्ट नहीं होगा।



### अपने शब्दों में लिखें

मुश्किल प्रश्नों को अपने शब्दों में लिखना भी सही रहेगा, लेकिन आपको सावधान रहना चाहिए कि लिखते समय उसका अर्थ न बदल जाए। अगर प्रश्न ज्यादा मुश्किल लग रहा है, तो आप उसका उत्तर लास्ट में भी लिख सकते हैं। इसके अलावा जैसे आप गणित के किसी प्रश्न हल कर रहे हैं और वो मुश्किल है तो इसे भी दोबारा चेक कर सकते हैं।




### लिखने से पहले

किसी भी प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले आप उसके बारे में विचार करें और उसे सही से लिखें। इससे आपको क्लैरिटी मिल सकती है। इसलिए एग्जाम से पहले एक माइंड मैप बनाएं। मुख्य बिंदुओं को पहचानें और सही शब्दों का उपयोग करें जैसे कि आपको समझाने के लिए उदाहरण भी दे सकते हैं।

### पॉजिटिव विचार

एग्जाम के समय से ही रिजल्ट को लेकर काफी टेंशन होती है, लेकिन इस दौरान आप नेगेटिव विचार को अपने मन में न लाएं। अगर आप एग्जाम के दौरान नकारात्मक रूप से सोचने लगते हैं, जैसे "मैं यह नहीं कर पाऊँगा" या "मैं असफल हो जाऊँगा", तो यह तनाव को बढ़ा सकता है। इसके बजाय, यह सोचें कि आपने पहले ही बहुत मेहनत की है और आप इस परीक्षा को भी अच्छे से दे सकते हैं।

# शरीर में पोषण की कमी नहीं होने देंगी 5 दालें

**अगर आपको लगता है कि सिर्फ मांस और अंडे ही शरीर को ताकत और पोषण दे सकते हैं, तो एक बार फिर सोचिए! जी हां, हमारे भारतीय भोजन में ऐसे कई सुपरफूड्स हैं जो सेहत का खजाना हैं। इन्हीं में से एक है 'दाल' यानी हर भारतीय रसोई का अहम हिस्सा। दालें न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होती हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होती हैं। प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर ये दालें शरीर को मजबूत और एनर्जेटिक बनाए रखने में बड़ा रोल प्ले करती हैं। अगर आप भी हेल्दी रहना चाहते हैं, तो इन 5 देसी दालों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।**



### अरहर (तूर) दाल

अरहर की दाल भारतीय घरों में सबसे ज्यादा खाई जाती है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और फोलिक एसिड पाया जाता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है और पाचन को भी दुरुस्त रखती है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए यह दाल बेहद फायदेमंद होती है, क्योंकि इसमें फॉलिक एसिड ज्यादा मात्रा में होता है, जो शरीर की कोशिकाओं के विकास में मदद करता है।

### मूंग दाल

अगर आप हल्का और सुपाच्य खाना चाहते हैं, तो मूंग दाल से बेहतर कुछ नहीं। इसमें प्रोटीन, फाइबर, पोटैशियम और मैग्नीशियम भरपूर होता है। यह वजन घटाने में भी मददगार होती है क्योंकि इसमें कम कैलोरी और ज्यादा पोषण होता है। मूंग दाल पेट के लिए बहुत अच्छी होती है और पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे गैस, एसिडिटी और कब्ज से बचाने में मदद करती है।

### मसूर दाल

मसूर की दाल लाल रंग की होती है और यह दिल की सेहत के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और फोलेट भरपूर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करता है। मसूर दाल खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है और शरीर में आयरन की कमी को भी दूर किया जा सकता है।

### चना दाल

चना दाल प्रोटीन और फाइबर का बेहतरीन स्रोत है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद होती है, क्योंकि यह ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखने में मदद करती है। इसमें लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स (GI) होता है, जिससे शुगर धीरे-धीरे रिलीज होती है और अचानक ब्लड शुगर नहीं बढ़ता। इसके अलावा, चना दाल वजन घटाने और पाचन सुधारने में भी मददगार होती है।

### उड़द दाल

उड़द की दाल को "शक्ति दाल" भी कहा जाता है, क्योंकि यह शरीर को ताकत देने का काम करती है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। खासतौर पर यह बुजुर्गों के लिए बहुत फायदेमंद होती है क्योंकि यह हड्डियों को कमजोर होने से बचाती है।

### कैसे करें दालों को डाइट में शामिल?

रोजाना एक कटोरी दाल जरूर खाएं। दाल का सूप या खिचड़ी बनाकर खा सकते हैं। अंकुरित दालों का सेवन करें, इससे पोषण बढ़ जाता है। दालों को सब्जियों के साथ मिलाकर सेवन करें, इससे फाइबर की मात्रा बढ़ती है।



# 'लड़की सिर्फ अपनी सुहागरात पर...'

## जब रेखा के इस बयान ने मचा दिया था हंगामा

बॉलीवुड इंडस्ट्री की वेटरन एक्ट्रेस रेखा अपनी प्रोफेशनल लाइफ और निजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रही हैं. इसके साथ ही वह किसी भी मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं, चाहें कोई कुछ भी कहे. 70 साल की एक्ट्रेस आज भी लाइमलाइट में बनी रहती हैं. रेखा ने एक बार खुद को लेकर ऐसा बयान दिया था कि हंगामा मच गया था. दरअसल, रेखा ने अपनी सेक्स लाइफ और प्रेग्नेंसी को लेकर खुलकर बात की थी. आइए जानते हैं कि वेटरन एक्ट्रेस ने ऐसा क्या कह दिया था कि लोगों के बीच बवाल हो गया था. यासिर उस्मान पर लिखी किताब 'रेखा: कैसी पहेली जिंदगानी' में उनकी लाइफ से जुड़ी कई बातों का जिक्र किया गया है. इसमें रेखा के उस इंटरव्यू का जिक्र किया गया है जिसमें उन्हें अपनी सेक्स लाइफ और प्रेग्नेंसी को लेकर बयान दिया था.

रेखा ने कहा था, 'आप एक मर्द के करीब, बेहद करीब नहीं आ सकते अगर आप उसके साथ सेक्स नहीं करते.' रेखा ने उन लोगों को हिपोक्रेट बताया था जो शादी से पहले संबंध बनाने की बात से मुकरते हैं. उन्होंने कहा था, 'शादी से पहले सेक्स बहुत आम बात है और जो लोग ये कहते हैं कि लड़की को सबसे पहले सिर्फ अपनी सुहागरात पर सेक्स करना चाहिए, वो बकवास करते हैं.' रेखा ने कहा था कि सिर्फ महिला को ही क्यों सबसे पहले सुहागरात पर संबंध बनाना चाहिए. उनका कहना था कि जहां प्यार होता है संबंध वहां बनाया जा सकता है. रेखा ने ये भी खुलासा किया था कि ये संयोग कि वो अब तक प्रेग्नेंट नहीं हुईं. इस तरह से रेखा के बयान से हंगामा मच गया था. बताते चलें कि रेखा के लाइफ में उनके कई अफेयर रहे हैं. रेखा का नाम अमिताभ बच्चन, विनोद मेहरा सहित एक्टर्स के साथ जुड़ा है. रेखा ने साल 1990 में मुकेश अग्रवाल के साथ शादी की थी. शादी के 6 महीने बाद उनके पति ने सुसाइड कर लिया था.



# तमन्ना

## ने क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में शामिल होने पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने उन रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिनमें कहा गया है कि उन्हें 2.4 करोड़ रुपये के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में पुडुचेरी पुलिस द्वारा तलब किया जा सकता है। दावों को फर्जी और भ्रामक बताते हुए अभिनेत्री ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी झूठी रिपोर्टों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।

### क्या है पूरा मामला

तमन्ना और अभिनेत्री काजल अग्रवाल से कथित क्रिप्टोकरेंसी स्कीम के संबंध में पूछताछ की जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से उनकी संलिप्तता के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### आरोपों पर क्या बोलीं तमन्ना

तमन्ना ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए साक्षात्कार में इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'यह मेरे ध्यान में आया है कि मेरे क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े होने और उससे जुड़े होने का आरोप लगाते हुए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं मीडिया में अपने दोस्तों से अनुरोध करना चाहूंगी कि वे ऐसी कोई भी फर्जी, भ्रामक और झूठी रिपोर्ट और अफवाहें न फैलाएं।' उन्होंने कहा, 'इस बीच मेरी टीम उचित कार्रवाई शुरू करने के लिए इस पर विचार कर रही है।'

### ऐसे शुरू हुआ विवाद

दरअसल, पुडुचेरी के मूलकुलम के पूर्व सैनिक अशोकन ने कोयंबटूर स्थित एक फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसकी स्थापना 2022 में हुई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में उनके साथ धोखाधड़ी की गई। अशोकन ने दावा किया कि उन्होंने 1 करोड़ रुपये का निवेश किया और अपने 10 दोस्तों को कुल 2.4 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए राजी किया।



# चौराहे पर खड़ी होकर नोरा फतेही ने दिखाए जलवे

## यूजर कर रहे बेहतरीन कमेंट

बॉलीवुड की अभिनेत्री नोरा फतेही अपनी बेहतरीन डांस के लिए जानी जाती हैं। वह डांस करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ती हैं। नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह यहां अक्सर अपनी बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं। हाल ही में नोरा फतेही ने अपनी एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। इसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

### वीडियो में क्या है खास?

नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वह एक शहर के चौराहे पर खड़ी होकर पोज दे रही हैं। इसके बाद वह स्टाइलिस्ट अंदाज में चलती नजर आ रही हैं। नोरा फतेही ने बैंगनी जैकेट पहनी है और थाई हाई स्लिट स्कर्ट पहनी है। नोरा ने वीडियो में जबरदस्त एक्प्रेशन दिए हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में गाना भी बज रहा है।

### फैंस कर रहे नोरा की तारीफ

नोरा फतेही के फैंस इस वीडियो को लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर ने नोरा फतेही की वीडियो पर दिल और फायर इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'आप सबसे बेहतर हो।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आपका ये अंदाज बहुत अच्छा है।' एक और यूजर ने नोरा फतेही की तारीफ में लिखा है 'वाकई आप बहुत खूबसूरत हो।'



# मुश्किल में श्रेया घोषाल, एक्स अकाउंट को लेकर फैंस को दी ये चेतावनी

बॉलीवुड की बेहतरीन गायिका श्रेया घोषाल इन दिनों मुश्किल में हैं। उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का अकाउंट हैक हो गया है। श्रेया ने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पर दी है। उन्होंने बताया है कि उनका अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने बहुत कोशिश की लेकिन वह अपना अकाउंट दोबारा नहीं खोल पा रही हैं।



### इंस्टाग्राम पर दी जानकारी

इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट करके गायिका ने लिखा कि 'दोस्तों। मेरा एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। मैंने एक्स टीम से संपर्क करने की बहुत कोशिश की। लेकिन वहां से ऑटो रिस्पांस के अलावा कोई ठीक जवाब नहीं आया। मैं अपने अकाउंट में न लॉग इन कर पा रही हूं न ही इसे डिलीट कर पा रही हूं।'

### श्रेया ने दी चेतावनी

श्रेया घोषाल ने आगे कहा कि 'कृपया इस अकाउंट से भेजी गई किसी भी लिंक पर क्लिक मत करना। इस अकांट से लिखी गई किसी चीज पर भरोसा मत करना। ये सभी धोखाधड़ी वाली लिंक हैं। जब अकाउंट ठीक हो जाएगा, तो मैं वीडियो के जरिए इसकी जानकारी दूंगी।'

### श्रेया के बारे में

श्रेया घोषाल ने बॉलीवुड को 'चिकनी चमेली', 'मेरे ढोलना', 'तेरी यादों में', 'जालिमा', 'यिमी यिमी' और 'बरसो रे' जैसे बेहतरीन गाने दिए हैं। श्रेया घोषाल को उनके बेहतरीन काम के लिए पांच बार नेशनल फिल्म अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है।

# 2 महीनों में इस शख्स के प्यार में पागल हो गईं थीं श्वेता तिवारी



श्वेता तिवारी भले ही आज करोड़ों दिलों पर राज कर रही हों लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ कुछ खास नहीं चल रही है. अपनी छोटी सी जिंदगी में श्वेता तिवारी 2 बार तलाक ले चुकी हैं. 2 बार धोखा खाने के बाद श्वेता तिवारी का प्यार से पूरी तरह से भरोसा उठ चुका है. अब श्वेता तिवारी अपने कैरियर और बच्चों पर फोकस कर रही हैं. हालांकि एक समय ऐसा था जब श्वेता तिवारी चंद दिनों में ही प्यार की गिरफ्त में आ गई थीं. हाल ये था कि श्वेता तिवारी इस शख्स के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार थीं.

अपनी इस रिपोर्ट में हम आपको श्वेता तिवारी के इस प्यार के बारे में बताने वाले हैं. सीरियल कसौटी जिंदगी के की वजह से श्वेता तिवारी घर घर में फेमस होने लगी थीं. इस दौरान श्वेता तिवारी को फिल्मों में काम करने का मौका मिला. उस दौरान श्वेता तिवारी को एक भोजपुरी फिल्म सैयां हमार हिंदुस्तानी में काम करने का मौका मिला. इस फिल्म में राजा चौधरी विलेन का किरदार निभा रहे हैं. श्वेता तिवारी और राजा चौधरी की सेट पर मुलाकात हुई. मिलने के 2 महीनों के अंदर ही श्वेता तिवारी राजा चौधरी को दिल दे बैठी थीं. श्वेता तिवारी राजा चौधरी पर पूरी तरह से फिदा थीं. मिलने के 2 महीने बाद ही श्वेता तिवारी ने फैसला किया कि वो राजा चौधरी के साथ शादी कर लेंगी. ये फैसला श्वेता तिवारी की जिंदगी का सबसे बड़ा गलत फैसला साबित हुआ. शादी के 7 सालों में श्वेता तिवारी को समझ आ गया कि वो राजा चौधरी के साथ नहीं रह सकतीं. श्वेता तिवारी ने शादी के 7 साल बाद उनको छोड़ने का फैसला किया. श्वेता तिवारी ने राजा चौधरी पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे. श्वेता तिवारी से तलाक के बाद राजा चौधरी ने श्वेता सूद के साथ 2015 में दूसरी शादी की थी. तलाक की अर्जी देने के करीब 6 साल बाद श्वेता तिवारी का तलाक हुआ. जिसके बाद श्वेता तिवारी ने फिर प्यार करने की गुस्ताखी की और धोखा खाया.



# सैफ मामले से आलिया ने लिया सबक! सोशल मीडिया से हटाई सबसे खुशनुमा पलों की तस्वीरें

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया से हटा ली हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम से बेटी की सभी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। अब फैंस राहा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर नहीं देख पाएंगे, सिवाय उन तस्वीरों के जिनमें उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है। अभिनेत्री के इस फैसले पर उनके फैंस भी उनके साथ हैं।

### आलिया ने हटाईं सभी तस्वीरें

अभिनेत्री के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को अब स्क्रॉल करने पर राहा की तस्वीरें नहीं दिख रही हैं। यहां तक कि जामनगर या परिवार की पेरिस टूर से पोस्ट की गई तस्वीरें भी हटा दी गई हैं। राहा-आलिया के नए साल के दिन के फोटो एलबम में दिखाई देती हैं, लेकिन उनका चेहरा नहीं दिखाई देता।

### अभिनेत्री के फैसले का यूजर्स ने किया समर्थन

रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री के इस फैसले का उनके फैंस समर्थन कर रहे हैं। रेडिट पर फैंस ने इसका समर्थन किया। एक यूजर ने लिखा, मैं उनका सौ प्रतिशत समर्थन करता हूं। मैं कभी आलिया का प्रशंसक नहीं रहा। ज्यादातर आलोचक रहा हूं, लेकिन नेट पर बहुत सारे सनकी और अजीब लोग हैं। एक अभिभावक के रूप में जो भी वह सुरक्षात्मक कार्रवाई के रूप में महसूस करती हैं। उन्हें वह करना चाहिए।₹ एक अन्य ने लिखा, ₹ईमानदारी से कहूं तो यह एक अच्छा फैसला है और अब मुझे उम्मीद है कि पैपराजी इस बात को समझेंगे और उन्हें हर समय परेशान करना बंद करेंगे, बच्चों की निजता और माता-पिता के फैसले का सम्मान करेंगे।

### सैफ अली खान पर हुए हमले से जोड़ रहे लोग

एक और यूजर ने आश्चर्य जताया कि इसका क्या कारण हो सकता है? उसने लिखा, सैफ-जेह की घटना ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने पैपराजी को भी मना किया कि वह अब से राहा की तस्वीरें न लें। उनके लिए अच्छा है। हालांकि, यह सिर्फ अटकलें हैं, जो सोशल मीडिया यूजर्स लगा रहे हैं। इसकी असल वजह अभी तक सामने नहीं आई है।





# प्रियंका को ही भेज दिया नामी डिजाइनर ने उनकी बुराई वाला मैसेज

## क्या रहा एक्ट्रेस का रिएक्शन?

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक प्रियंका चोपड़ा ने अपने लिए एक खास जगह बनाई है। वह इंडस्ट्री में कई लोगों की अच्छी दोस्त भी हैं। यहां तक कि जो लोग प्रियंका को पसंद नहीं करते हैं बाद में उनके नेचर की वजह से उनके कायल हो जाते हैं। एक नामी डिजाइनर से जुड़ा ऐसा ही किस्सा मधु चोपड़ा यानी प्रियंका चोपड़ा की मां ने हाल ही में साझा किया।

### दोस्ताना में साथ काम किया

लहरे रेट्रो को दिए गए एक इंटरव्यू में मधु चोपड़ा बताती हैं कि दोस्तान फिल्म की शूटिंग के दौरान डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, प्रियंका चोपड़ा के साथ काम कर रहे हैं। किसी वजह से इनकी सेट पर नहीं बन रही थी। जब फिल्म की शूटिंग खत्म हुई तो करण जौहर ने एक मैसेज मनीष मल्होत्रा को किया।

### डिजाइनर ने भेजा प्रियंका से जुड़ा गॉसिप मैसेज

करण के मैसेज के बदले में मनीष मल्होत्रा ने लिखा कि अच्छा हुआ फिल्म खत्म हुई, अब प्रियंका से पीछा छूट जाएगा। यह मैसेज मनीष मल्होत्रा, करण जौहर को भेजने वाले थे। लेकिन वह गलती से प्रियंका को ही आ गया।

### डिजाइनर और प्रियंका आज अच्छे दोस्त हैं

मनीष मल्होत्रा का मैसेज देखकर प्रियंका को बुरा लगा। बाद में मनीष को अहसास हुआ कि उन्होंने गलती कर दी है। दोनों ने आपस में बातचीत की। इसके बाद सारी गलतफहमियां दूर हो गईं। आगे चलकर मनीष मल्होत्रा और प्रियंका बहुत अच्छे दोस्त बन गए।



# सोनाक्षी सिन्हा के लिए 32 साल तक घर में लगा रहा कर्फ्यू

## 'रामायण के किले' में बंद एक्ट्रेस ने इस एक शख्स के लिए...

अपनी वर्सटाइल पर्फोर्मस, इम्प्रेसिव स्क्रीन प्रेजेंस और कॉन्फिडेंट पर्सनैलिटी के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ समय से अपनी शादी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. वहीं एक बार फिर से एक्ट्रेस सुर्खियों में हैं. अब सोनाक्षी सिन्हा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने अपने घर के सख्त नियमों का खुलासा किया साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कैसे और किस इंसान के लिए उन्होंने मां की कड़ी पाबंदी के बावजूद कई बार नियम तोड़े. हाल ही में मीडिया को दिए एक इंटरव्यू के दौरान सोनाक्षी सिन्हा ने अपने घर के कड़े नियमों के बारे में बात करते हुए बताया कि, उनकी मां को सोनाक्षी का देर रात तक घर से बाहर रुकना बिल्कुल पसंद नहीं था. जिसकी वजह से वह एक्ट्रेस पर नजर रखती थीं. एक्ट्रेस ने खुलासा करते हुए कहा, 'जब मैंने काम करना शुरू किया तब भी मेरे घर में रात 1:30 बजे का कर्फ्यू था. जब तक मैं 32 साल की नहीं हो गई, यह वैसा ही चलता रहा.' सोनाक्षी ने आगे कहा कि, 'वह घर में छुपते छुपाते भी एंट्री नहीं कर सकती थीं, क्योंकि उनके घर में कोई ऐसा इंसान भी मौजूद था, जो उनके पल-पल की खबर उनके पेरेंटस् को देता था.' 'मैं रामायण में 10वीं मंजिल पर रहती थी, जबकि मेरे माता-पिता यानी शत्रुघ्न सिन्हा और पूनम सिन्हा 5वीं मंजिल पर रहते थे. लेकिन जब भी मैं घर पहुंचती थी हमारे टेलीफोन ऑपरेटर झा जी उन्हें मेरी जानकारी देते थे.' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'झा जी एक बहुत अच्छे इंसान हैं. जैसे ही मेरी कार अंदर आती, वैसे ही वह मेरे पेरेंट्स को फोन करके बोलते बेबी आ गई है. मैंने कई बार ये कोशिश की कि वो मेरे पेरेंट्स को फोन ना करें, लेकिन यह कभी काम नहीं आया.' सोनाक्षी ने इंटरव्यू में यह भी खुलासा किया कि इन कड़ी पाबंदियों के बावजूद उन्होंने एक शख्स के लिए अपने घर के कड़े नियमों को तोड़े हैं. वो कोई और नहीं बल्कि उनके पति जहीर इकबाल हैं. सोनाक्षी ने बताया कि, 'मुझे नाइट आउट करने की इजाजत नहीं थी, जिसका सबसे बड़ा मसला जहीर के साथ था. ऐसे में मैंने उसके लिए कई बार 'रामायण' के नियम तोड़े हैं. हालांकि जब भी मैंने कर्फ्यू तोड़ा फिर मुझे इसके लिए डांट पड़ती थी.'

# पुष्पोत्सव 2025 के दूसरे दिन उमड़े भारी संख्या में दर्शक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के सम्राट मिहिर भोज पार्क (सिटी पार्क) में इस वर्ष भी पुष्पोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। शनिवार को दूसरे दिन बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने इस पुष्प

**लेजर लाइट एंड साउंड शो शाम 7 से 9 बजे तक**

प्रदर्शनी की भव्यता में और चार चांद लगा दिए। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजातियों के फूलों के अलावा खूबसूरत पुष्प डिज़ाइन, लैंडस्केपिंग, बच्चों की फूल-पत्तों से सजी फैशन प्रदर्शनी, साइंस मॉडल प्रदर्शनी, संगीत एवं नृत्य जैसे कार्यक्रमों में स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण शाम 7 से 9 बजे तक आयोजित लेजर लाइट एंड साउंड शो रहा, जिसमें लेजर लाइट व ध्वनि के माध्यम से गौतम बुद्ध नगर के गौरवशाली इतिहास को दर्शाया गया। इसमें बताया गया कि यह भूमि प्राचीन काल से ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध रही है। त्रेता युग में रामायण काल से जुड़ा बिसरख गांव, जिसे रावण के जन्मस्थान के रूप में जाना जाता है।क् महाभारत काल में गुरु द्रोणाचार्य का आश्रम, जो दनकौर गांव में स्थित है, जहां कौरव और पांडवों ने अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा प्राप्त की थी। गौतम बुद्ध नगर की इस ऐतिहासिक धरती पर आधुनिक ग्रेटर नोएडा का विकास हुआ, जो एक योजनाबद्ध नगर के रूप में विकसित किया गया। 1980 के दशक में भारत सरकार ने दिल्ली की बढ़ती आबादी के समाधान हेतु नए शहरों के विकास की योजना बनाई। 1990 के दशक में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रेटर नोएडा को औद्योगिक और शैक्षणिक हब के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया। वर्तमान में 760 वर्ग किलोमीटर में फैला यह शहर ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत है, जिसमें 240 गांव शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा आज देश के प्रमुख औद्योगिक और शैक्षिक केंद्रों का हब बन चुका है। गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी और गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज जैसे संस्थानों ने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उज्जवल भविष्य के अवसर प्रदान किए हैं। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड और इंडियन एक्सपो मार्ट इस विकास की शानदार मिसाल है। तो बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ने इस शहर को खेलों के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाई है। विश्वस्तरीय सड़कों, मेट्रो कनेक्टिविटी, जेवर एयरपोर्ट, और नोएडा के साथ उत्कृष्ट संपर्क ने इसे भारत के अग्रणी शहरों में शामिल कर दिया है। ग्रीन सिटी पहल के तहत शहरीकरण के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सम्राट मिहिर भोज पार्क, ग्रीन बेल्ट, और तालाबों का सौंदर्यीकरण सतत विकास का उदाहरण प्रस्तुत करता है। सूरजपुर वेटलैंड, जिसे एक अर्बन वेटलैंड के रूप में विकसित किया गया है, यहां 186 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं, जिनमें 84 प्रवासी पक्षी शामिल हैं।



ग्रेटर नोएडा आने वाले वर्षों में सतत विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वेस्ट टू वंडर पार्क, वेस्ट टू बायो-ष्टह्ल्न प्लांट, और आयुर्वेद पार्क जैसे अन्य अनूठे कदम उठाए जाएंगे जो पर्यावरण के अनुकूल होंगे। कचरे के पुनर्चक्रण से उपयोगी संसाधन बनाए जाएंगे। ग्रीन सिटी मिशन के तहत निकट भविष्य में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा की यह यात्रा यहीं समाप्त नहीं होती। हमें इसे और हराभरा बनाना होगा, पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी और फूलों की इस दुनिया को और भी सुंदर व समृद्ध बनाना होगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस के मार्गदर्शन में उद्यानिकी विभाग की टीम और प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों* के सतत मेहनत से यह कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि लेजर शो में यह भी दिखाया गया है कि पुष्पोत्सव 2025 में, इस वर्ष गेंदा फूल (मैरीगोल्ड) थीम फ्लावर है। इसे सूर्य की शक्ति, प्रकाश, और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। भारतीय समाज में गेंदा आशा, प्रेम, सफलता, और पवित्रता का प्रतीक है। पूजा-पाठ, सजावट और उत्सवों में इसकी विशेष भूमिका रहती है। आइए, हम सब मिलकर इस धरती को और सुंदर बनाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन फूलों की भीनी खुशबू में सांस ले सकें।

# नोएडा के कारोबारी के घर बिहार के गैंग ने डाली थी डकैती

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-61 में रियल स्टेट कारोबारी की पत्नी को घर में बंधकर बनाकर डकैती करने वाले गैंग को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस गैंग से लूटे गये 10 लाख 70 हजार रूपये बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि बिहार राज्य के इस खतरनाक गैंग ने कारोबारी के घर डकैती की घटना को अंजाम दिया था।

आपको बता दें कि नोएडा के सेक्टर-61 में 22 फरवरी को रियल एस्टेट कारोबारी के घर पर पत्नी को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम देते हुए 60 लाख रुपये कैश, ज्वेलरी और प्रॉपर्टी दस्तावेज लेकर टोयोटा फॉर्च्यूनर कार लेकर बदमाश घर से भाग निकले थे। इस वारदात की गुत्थी को सुल्झाते हुए कोतवाली 58 पुलिस ने बिहार के गैंग के 4 बदमाशों को गिरफ्तारी किया है। दिल्ली काईम ब्रांच गैंग के दो सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, इन बदमाशों के कब्जे से लूटे गये 10 लाख 70 हजार रूपये बरामद हो चुके है।



डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि नोएडा पुलिस ने कारोबारी के घर डकैती डालने वाले रमन कामत को बिहार के मधुबनी और अमित कुमार रावत, देवेन्द्र कुमार उर्फ राहुल, गुडडू कुमार कामत को सैक्टर-62, नोएडा से गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने बताया कि ये पूरा का पूरा गैंग बिहार का है। इसमें एक रमन कामत बिहार से पकड़ा गया है, उसे ट्रांजिट डिमांड में लाया गया है और अभी हम इन लोगों को कस्टडी पुलिस रिमांड मिलेंगे और जो बाकी की ज्वेलरी है और पैसा है उसे बरामद करेंगे। डीसीपी ने बताया कि इस गैंग के बदमाश पूरे तरह से ह्यूमन साइकोलॉजी को समझते थे, कि जो लोग बड़े हैं उनकी नौकरों पर डिपेंडेंसी बहुत ज्यादा है। नौकरों को रखने के लिए ये अपना नंबर जैसे गार्ड को, एजेंसीज को दे देते है। काम मिलने के बाद गैंग फेक आई कार्ड और आधार कार्ड देकर एक सद्स्य को कुक बनाकर और फिर इस घर में कितना माल इसका आंकलन कर अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया।

डीसीपी ने बताया कि अब तक की पूछताछ में पता चला है कि इस घटना की योजना गैंग द्वारा 05 माह पूर्व बिहार मधुबनी में बनायी गयी थी, योजना के लिए सबसे पहले मोबाईल सिम किसी अन्य के नाम इंक्टिवेट सिम खरीदे गये।

सैक्टर-61, नोएडा के रहने वाले राकेश को एक कुक की आवश्यकता थी और राकेश द्वारा अखिलेश का विश्वास कर राहुल को काम पर रख लिया गया। फिर योजना के अनुसार यह सभी लोग शाम के समय जब घर पर कोई नहीं था केवल राकेश की पत्नी सुमन घर पर थी तो राहुल (देवेन्द्र) ने अपने साथियों को बुलाया, इनके साथियों में से गुहडू व राजेश घर के अन्दर गये तथा सोनू जो ड्राईवरी का काम करता है घर के बाहर खड़ा था तथा दो लोग अमित व रमन गली में रैकी कर रहे थे, घर में घुसे राहुल (देवेन्द्र), गुड्डू व राजेश द्वारा सुमन को बंधकर बनाकर घर में रखे लगभग 53 लाख रूपये व ज्वेलरी लूट लिये तथा घर से फायूंनर की चाबी लेकर गाड़ी में बैठकर ये लोग फरार हो गये। इन लोगों द्वारा गाडी साई मन्दिर पर छोड़ी गयी इसके बाद यह लोग आटों से चिराग दिल्ली पहुंचे। प्रत्येक ने आपस में साढे 08-08 लाख रूपये बांट लिये, इसके बाद दो लोगों को छोड़कर बिहार चले गये।

# सोसाइटी चुनाव को लेकर डिप्टी रजिस्ट्रार सख्त

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उद्योग विहार सेक्टर-82 सोसाइटी में आरडब्ल्यूए चुनाव न होने के कारण निवासियों में लंबे

**नए चुनाव अधिकारी और जांच अधिकारी नियुक्त**

समय से असंतोष बना हुआ था। सोसाइटी के वर्तमान अध्यक्ष और महासचिव का कार्यकाल अक्टूबर 2024 में समाप्त हो चुका है, लेकिन अभी तक चुनाव नहीं कराए गए।

सूत्रों के अनुसार, पहले नियुक्त चुनाव अधिकारी ने किसी दबाव के कारण चुनाव कराने से इनकार कर दिया था। इसे देखते हुए, डिप्टी रजिस्ट्रार ने एक बार फिर आदेश जारी कर नए चुनाव अधिकारी और जांच अधिकारी की नियुक्ति कर दी है। साथ ही, डिप्टी रजिस्ट्रार ने अध्यक्ष और महासचिव को कालातीत घोषित कर दिया है, जिससे अब किसी भी प्रकार की प्रशासनिक बाधा नहीं रहेगी और चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से पूरी हो सकेगी।

सेक्टरवासी मयंक चौहान का कहना है कि जब कार्यकाल अक्टूबर 2024 में समाप्त हो गया था, तो अब तक चुनाव क्यों नहीं कराए गए? अध्यक्ष और महासचिव को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। क्या सोसाइटी के सदस्यों को उनके अधिकारों से वंचित रखने के लिए चुनाव को टालने की कोशिश की गई?

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 121 शिकायतें दर्ज, 9 का निपटारा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 121 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 9 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा तहसील जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार द्वारा जन सामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं जन सामान्य के द्वारा कुल 39 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 2 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, तहसीलदार जेवर विवेक भदोरिया, नायब तहसीलदार जेवर एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिला अधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 79 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 7 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया। सदर तहसील में उप जिला अधिकारी सदर चारुल यादव की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 3 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई।

# ‘आप’ पार्टी का श्रमदान अभियान



**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर में आम आदमी पार्टी द्वारा डॉ. बी.आर. अंबेडकर पार्क, सेक्टर 37 में एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने किया।

कार्यक्रम के दौरान पार्क और आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा की साफ-सफाई की गई, और स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा कि स्वच्छता हर नागरिक का कर्तव्य है। आम आदमी पार्टी केवल वादों की राजनीति नहीं करती, बल्कि ज़मीनी स्तर पर काम करके बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह श्रमदान अभियान पार्टी के संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत हर नागरिक को समाज सुधार में भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अन्य पार्टियां केवल दिखावे की राजनीति करती हैं और जनता के असली मुद्दों से दूर रहती हैं।

इस अवसर पर किसान प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अशोक कमांडो, जिला महासचिव कैलाश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलदार अंसारी, जिला सचिव जयकिशन जयसवाल, जिला सचिव अफ़ज़ल चौधरी, जिला सचिव प्रवीन धीमान, नवीन चौधरी, राजकुमार, दीपक कुमार,सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

